


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...




● नई दिल्ली। बुधवार 24 सितंबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 275 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## लेडी ब्रिगेड का पहला एनकाउंटर, गाज़ियाबाद में बदमाश को पड़ा महिला पुलिस से पंगा भारी

**मिशन शक्ति 5.0**

**"लुटेरे हिस्ट्री शीटर को गोली मारकर किया गिरफ्तार**





**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** यूपी पुलिस का इन दिनों मिशन शक्ति 5.0 अभियान चला रही है और इसका असर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में भी सोमवार की देर रात पुलिस ने दिखाने का काम किया है। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में सिटी जोन महिला टीम की अगुवाई में पहला हाफ एनकाउंटर हुआ है। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे महिला थाना अध्यक्ष रितु त्यागी और उनकी टीम ने हिस्ट्रीशीटर लुटेरे को गोली मारकर दबोचा है। पुलिस ने लुटेरे से सामान बरामद किया है। तो वाहन, तमंचा और कैश भी मिला है। एसीपी ने बताया है कि इस पूरी टीम में महिला थानाध्यक्ष रितु त्यागी, दरोगा विनीता ,भुनेश्वरी और महिला हेड कांस्टेबल नीतू व ममता का योगदान रहा है। उधर पुलिस कमिश्नर ने गाजियाबाद पुलिस की पीठ थपथपाई है।

### महिला कोतवाल ने कहा, पुलिस पर क्यों चलाई थी गोली, बदमाश बोला बचने के लिए

करंट क्राइम । पुलिस ने इस मामले का जो सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड किया है उसमें महिला थाना अध्यक्ष रितु त्यागी बदमाश से पूछ रही हैं कि पुलिस पर गोली क्यों चलाई थी। तो दर्द से कराहरहा बदमाश कह रहा है पुलिस से बचने के लिए। बदमाश को घायल अवस्था में महिला सिपाही और सब इंस्पेक्टर पुलिस की गाड़ी में अस्पताल उपचार करने के लिए भेजते हैं। तो भी वह लंगड़ा कर चलता हुआ, नजर आ रहा है।



### पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा हमारी महिला ब्रिगेड नहीं है किसी से कम



करंट क्राइम । इस मामले में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है कि जिस तरीके से एसीपी नंदग्राम जो महिला अधिकारी हैं। तो वहीं महिला थानाध्यक्ष ने अपनी टीम के साथ बहादुरी दिखाते हुए देर रात बदमाश को मुठभेड़ में घायल अवस्था के दौरान गिरफ्तार किया है। वह दर्शा रहा है कि पुलिस में महिला अधिकारी भी किसी से कम नहीं है। वह लगातार बदमाशों को सबक सिखाने का काम कर रही हैं। उधर सोशल मीडिया पर महिला पुलिस ब्रिगेड द्वारा बदमाश को सबक सिखाने का यह वीडियो जमकर वायरल भी हो रहा है।

## छह साल तक हिसाब नहीं, अब गाजियाबाद की पार्टियों को आयोग ने थमाया नोटिस!

**हिसाब-किताब**

**"आयोग ने सभी पार्टियों को एक माह का समय दिया**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनाव लड़ना तो सबको भाता है, लेकिन उसका खर्चा-पानी लिखित में देना शायद उतना आसान नहीं। यही कारण है कि चुनाव आयोग ने अब गाजियाबाद समेत प्रदेश की कई अमान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों को कारण बताओ नोटिस थमा दिया है। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने साफ किया है कि 127 राजनीतिक दल पिछले तीन वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24) से वार्षिक लेखापरीक्षित खाते जमा नहीं कर रहे थे। इतना ही नहीं, 2019 से अब तक के विभिन्न चुनावों में हिस्सा लेने के बावजूद निर्वाचन व्यय विवरणी भी दाखिल नहीं की गई।




### गाजियाबाद की ये पार्टियां आईं निशाने पर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, जनपद गाजियाबाद की इन पार्टियों को नोटिस जारी हुआ है :

- बहुजन मुक्ति पार्टी (कौशांबी)
- भारतीय हिन्द फौज (गोविंदपुरम)
- भारतीय जन नायक पार्टी (वसुन्धरा)
- मिहिर सेना (लाल कुआँ)
- पूर्वांचल महापंचायत (इंदिरापुरम)
- राष्ट्रीय लोक सर्वाधिकार पार्टी (साहिबाबाद)
- सर्वजन समता पार्टी (लोनी)

### एक माह में जवाब नहीं तो मान लिया जाएगा चुप्पी

करंट क्राइम। आयोग ने इन पार्टियों को एक माह का समय दिया है। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष/महासचिव हलफनामा और प्रमाणों सहित लिखित प्रत्यावेदन लखनऊ स्थित मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंप सकते हैं। सुनवाई की तिथि भी तय कर दी गई है झ सुबह 10 बजे पार्टी प्रतिनिधियों को उपस्थित होना होगा। अगर जवाब नहीं आता, तो साफ-साफ मान लिया जाएगा कि पार्टी के पास अपनी सफाई में कहने को कुछ नहीं है। यह खबर राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा सकती है, क्योंकि छोटीझ छोटी पार्टियों के लिए यह चेतावनी किसी बड़े झटके से कम नहीं। 'चुनाव लड़ो लेकिन हिसाब दो' झ यही संदेश आयोग ने सख्ती से दिया है।

## बिहार: मंत्री अशोक चौधरी ने प्रशांत किशोर को भेजा 100 करोड़ का मानहानि नोटिस

**पटना।** बिहार के मंत्री अशोक चौधरी ने मंगलवार को जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर को कानूनी नोटिस भेजा है। अशोक चौधरी ने प्रशांत किशोर से ह्यबिना शर्त माफीह्ल मांगने या फिर 100 करोड़ रुपये की मानहानि का मुकदमा झेलने के लिए तैयार रहने को कहा है।



**अनियमित जमीन की खरीद-फरोख्त का मामला :** पिछले हफ्ते पटना में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रशांत किशोर ने आरोप लगाया था कि चौधरी करीब 200 करोड़ रुपये मूल्य की भूमि की कथित रूप से अनियमित खरीद-फरोख्त में लिप्त हैं। ग्रामीण कार्य विभाग का प्रभार संभाल रहे अशोक चौधरी ने अपने वकील कुमार अंजनय शानू के माध्यम से प्रशांत किशोर को मानहानि का नोटिस भेज दिया है। इस भेजे गए नोटिस में किशोर से कहा है कि वह या तो अपने आरोपों को साबित करने के लिए ठोस सबूत प्रस्तुत करें, या फिर लिखित और एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर मौखिक रूप से सार्वजनिक तौर पर बिना शर्त माफी मांगें।

नोटिस में कहा गया है कि प्रशांत किशोर के बयान से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय महासचिव अशोक चौधरी की साख को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। नोटिस में यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि नोटिस प्राप्त होने के एक हफ्ते के अंदर उपयुक्त उत्तर नहीं दिया गया, तो 100 करोड़ रुपये के हजार्ने के लिए दीवानी मुकदमा दायर किया जाएगा।

### मुलाकात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी के विकास से जुड़े कई मुद्दों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चर्चा की तथा इन मुद्दों के अविलंब निस्तारण का अनुरोध भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भाजपा के जिला अध्यक्ष चैन पाल सिंह ने भी मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान जिला अध्यक्ष चैनपाल सिंह ने सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया।**

## आज हिंदी भवन में होगा निगम कार्यकारिणी का चुनाव

### शशि गौतम और कांग्रेस के अजय शर्मा आएंगे चुनाव में



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एक अक्टूबर को कविनगर रामलीला मैदान में निगम कार्यकारिणी के छह सदस्यों का चुनाव हुआ था, लेकिन यहां चुनाव के ऐलान को लेकर ही घमासान हुआ और फूल वालों की माला टूट गई। चुनाव निरस्त घोषित किया गया और अब फिरसे निगम कार्यकारिणी के छह सदस्यों का चुनाव आज होना है। इस बार ये चुनाव लोहिया नगर के हिंदी भवन में होगा।

भाजपा के उम्मीदवार वही रहेंगे और यहां विपक्ष की ओर से दो उम्मीदवार मैदान में आ सकते हैं। सर्वसम्मति का माहौल तब बनता जब भाजपा विपक्ष वाले उम्मीदवारों का गणित सेट कर लेती, लेकिन अब जो माहौल बन रहा है जो निगम कार्यकारिणी के चुनाव का बन रहा है। क्योंकि विपक्ष के उम्मीदवार चुनाव लड़ने का ऐलान कर रहे हैं और ऐसे में यहां पर जो सबसे महत्वपूर्ण दृष्टि रहेगी वो भाजपा के पार्षदों पर रहेगी। क्योंकि पिछली बार वाले साइड इफैक्ट दिखाई दे सकते हैं।

यहां पीडब्ल्यूए का कितना दखल रहेगा ये भी आज पता चलेगा और निगम कार्यकारिणी चुनाव को लेकर आज हिंदी भवन में चलह-पहल रहेगी।

### जीतने के लिये चाहिए 18 वोट और कौन करेगा किसे सपोर्ट

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव की बात करें तो यहां उसके पास 100 मतदाता हैं और चुनाव का गणित कुछ ऐसा है कि हर उम्मीदवार को जीतने के लिये 18 वोट की जरूरत हैं। जिनके पास तीन वोट हैं वो भी ताल ठोंक रहे हैं और जो निर्दलीय हैं वो भी ताल ठोंक रहे हैं। इलेक्शन को लेकर सबके अपने-अपने कैलकुलेशन हैं। किसी को ये उम्मीद है कि उसे दूसरे दल से वोट मिलेंगे, किसी को ये उम्मीद है कि वोटिंग में क्रॉस आएगा और उसे सपोर्ट मिलेगी। बहरहाल यहां जीतने के लिये 18 का आंकड़ा पार करना है और चुनाव की स्थित बनती है तो चुनाव यहां रोचक रहेगा।

### कांग्रेस के अजय शर्मा का दावा, लड़ूंगा चुनाव

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कांग्रेस पार्षद अजय शर्मा ने दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि वह निश्चित रूप से कार्यकारिणी का चुनाव लड़ेंगे। अजय शर्मा एक अक्टूबर को हुए चुनाव में भी उम्मीदवार थे। अजय शर्मा ने करंट क्राइम से कहा कि मैं चुनाव लड़ूंगा। जीत को लेकर वो आश्वस्त दिखाई दिये और उन्होंने कहा कि हमारे पास अपनी तीन वोट हैं और हमें समाजवादी पार्टी की पांच वोट सहयोगी के रूप में मिलेंगी। दस वोट को लेकर उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का वोट हमें मिलेगा और ओवैसी की पार्टी को लेकर भी अजय शर्मा निश्चिंत दिखाई दिये।

### शशि गौतम ने किया चुनाव लड़ने का ऐलान

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बसपा के टिकट पर चुनाव जीती और फिलहाल बसपा से निष्कासित चल रही शशि गौतम ने चुनाव लड़ने का ऐलान किया। शशि गौतम के पति पवन गौतम ने कहा कि हम निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में आएंगे। चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि मैं इस समय भी वोट मांग रहा हूं। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद कर रहे हैं कि हमें सपोर्ट भी मिलेगा और वोट भी मिलेगा। यहां पर सर्वसम्मति और बैठने जैसी चर्चा को लेकर पवन गौतम ने कहा कि फिलहाल हम चुनाव का ऐलान कर चुके हैं और चुनाव लड़ेंगे।

### रुखसाना सैफी होंगी शशि गौतम की प्रस्तावक

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। आम आदमी पार्टी की पार्षद रुखसाना सैफी निर्दलीय उम्मीदवार शशि गौतम की प्रस्तावक हैं। वो एक तारीख वाले नामांकन में भी प्रस्तावक थीं और आज होने वाले चुनाव में भी उन्होंने शशि पवन गौतम की प्रस्तावक बनने की बात कही। वहीं आम आदमी पार्टी के वोट पर कांग्रेस का भी दावा है और निर्दलीय उम्मीदवार का भी दावा है। ऐसे में अगर चुनाव होता है तो मामला बेहद रोचक स्थिति में पहुंचेगा।

### क्या रहेगा पार्षद वैलफेयर एसोसिएशन का रुख

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एक अक्टूबर को जब चुनाव हुआ था तो पार्षद एकता का नारा था, लेकिन तब पार्टी की व्हिप जारी हुई थी। भाजपा की कोर बैठक बुलाई गई थी और नाम तय हुए थे। संगठन चुनाव प्रक्रिया को वॉच कर रहा था। महानगर अध्यक्ष खुद यहां मौजूद थे, लेकिन अब सीन बदल गया है। जबसे पार्षद लखनऊ वाले टूर पर गए हैं तब से काफी चीजें बदली हैं। लखनऊ वाले फोन के बाद इंटरनल टोन भी चेंज हुई है और ऐसे में यहां पार्षद वैलफेयर एसोसिएशन का रुख भी बहुत कुछ तय करेगा। क्योंकि भाजपा पार्षदों के पास विपक्ष के एक पूर्व पार्षद जाकिर सैफी और एक निर्दलीय पार्षद पति पवन गौतम भी गए थे। अब संघर्ष में साथ हैं तो चुनाव में कितना साथ रहेंगे ये देखा जाएगा। पार्षद वैलफेयर एसोसिएशन यहां पार्षद के चुनावी वैलफेयर को कितनी तवज्जो देगी इस पर नजर रहेगी। पार्षद एकता का नारा कितना मजबूती से गूंजेगा इसका पता चलेगा।

### क्या हिंदी भवन में होंगे आज भाजपा संगठन के दीदार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एक अक्टूबर को निगम कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव हुआ। कविनगर रामलीला मैदान के जानकी सभागार में बेसमेंट में चुनाव प्रक्रिया चल रही थी और बेसमेंट के भूतल पर संगठन मौजूद था। संगठन अध्यक्ष मौजूद थे, पूर्व अध्यक्ष बुलाए गए थे, मंडल अध्यक्ष बुलाए गए थे और जीत का ऐलान संगठन वालों ने किया और चुनाव निरस्त की घोषणा नगर निगम पार्षद सदन की मुखिया ने की। आज जब कार्यकारिणी चुनाव होगा तो सबकी निगाहें इस बात पर रहेगी कि क्या आज हिंदी भवन में भाजपा महागर अध्यक्ष मयंक गोयल पहुंचेंगे, क्यों हिंदी भवन में मंडल अध्यक्ष पहुंचेंगे, क्या पूर्व अध्यक्ष भी आएंगे या फिर नगर निगम कार्यकारिणी का चुनाव नगर निगम वाले माहौल में होगा और संगठन इससे दूर रहेगा।

### भाजपा के रहेंगे ये पांच पार्षद उम्मीदवार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम कार्यकारिणी के लिये छह सदस्यों का चुनाव होना है। चुनाव पहले हुआ फिर निरस्त हुआ और आज फिर से चुनाव हो रहा है। सदन सचिव पहले ही कह चुके हैं कि ये चुनाव की प्रक्रिया है। भाजपा की ओर से पांच पार्षद चुनावी रण में हैं। इनमें भाजपा पार्षद गौरव सोलंकी, भाजपा पार्षद देवनारायण शर्मा, भाजपा पार्षद विनील दत्त, भाजपा पार्षद प्रवीण चौधरी और भाजपा पार्षद प्रमोश यादव मैदान में रहेंगे।

## 75 लाख महिलाओं को मिलेगी महिला रोजगार योजना की पहली किस्त

# 26 सितंबर को पीएम मोदी करेंगे पैसे ट्रांसफर

**पटना।** 26 सितंबर 2025 का दिन बिहार की महिलाओं के लिए ऐतिहासिक दिन साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कर कमलों से ऑनलाइ रहकर मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 75 लाख महिलाओं को पहली किस्त 10-10 हजार रु की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजेंगे। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बतौर मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित होंगे। बता दें कि 7,500 करोड़ यह राशि केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सम्मान की नई शुरूआत है। सिलाई-बुनाई, खेती या पशुपालन जैसे छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई यह पहल बिहार की सामाजिक और आर्थिक तस्वीर बदलने वाली साबित हो सकती है।



**योजना का मकसदः** आत्मनिर्भर और सशक्त महिला महिला रोजगार योजना का मूल उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर देकर आत्मनिर्भर बनाना है। इस पहल से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि वे अपने परिवार और समाज में भी सम्मानजनक स्थान हासिल कर सकेंगी। खास बात यह है कि रोजगार शुरू करने के बाद महिलाओं को उनके व्यवसाय की प्रगति के आधार पर 2 लाख रुपये तक की अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी दी जाएगी। यह कदम महिलाओं को लंबे समय तक मजबूत आर्थिक आधार देने में सहायक साबित होगा।

**कौन और कैसे ले सकता है योजना का लाभ :** महिला रोजगार योजना का लाभ केवल वही महिलाएं उठा सकती हैं, जो बिहार की स्थायी निवासी हों। इसमें राज्य की ग्रामीण और शहरी दोनों प्रकार की महिलाएं शामिल हैं। योजना के तहत आर्थिक सहायता पाने के लिए महिलाओं का जीविका स्वयं सहायता समूह (रलत्रझ्) से जुड़ा होना अनिवार्य है। हालांकि, जिन महिलाएं अभी तक जीविका से नहीं जुड़ी हैं, उनके लिए भी यह अवसर खुला है। उन्हें पहले स्वयं सहायता समूह की सदस्यता लेनी होगी। सदस्य बनने की प्रक्रिया सरल रखी गई है–इसके लिए निर्धारित आवेदन पत्र भरना होगा और आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, निवास प्रमाण पत्र जैसे जरूरी दस्तावेज जमा करने होंगे।

**आवेदन कैसे करें: ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों सुविधा उपलब्ध**

महिला रोजगार योजना के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया को बेहद सरल और सुगम बनाया गया है, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ उठा सकें। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं सीधे अपने ग्राम संगठन या जीविका समूह के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। वहां समूह की प्रतिनिधि उन्हें फॉर्म भरने और दस्तावेज जमा करने में सहयोग करेगी। शहरी क्षेत्र की महिलाएं जीविका की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।

**आवेदन के लिए जरूरी दस्तावेजः**

- आधार कार्ड (पहचान प्रमाण के रूप में।
- बैंक पासबुक (खाते का विवरण सुनिश्चित करने के लिए)।
- पैन कार्ड (वित्तीय लेन-देन की पारदर्शिता हेतु)।
- पासपोर्ट साइज फोटो।

## अमित शाह बोले: अगले तीन वर्षों में भारत वैश्विक नवाचार सूचकांक में शीर्ष 10 देशों में शामिल होगा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पिछले एक दशक में वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत की रैंकिंग 91 से बढ़कर 38 हो गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अगले तीन वर्षों में भारत शीर्ष 10 में शामिल हो जाएगा। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए स्टार्टअप इंडिया अभियान के परिणाम दिखने लगे हैं। भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है और इसने देश के युवाओं को नौकरी चाहने वालों से नौकरी देने वाला बना दिया है।



गुजरात सरकार के स्टार्टअप कॉन्क्लेव के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि हाल ही में वैश्विक नवाचार सूचकांक की घोषणा की गई है। 2015 में इस सूचकांक में हमारी रैंकिंग 91 थी, लेकिन 2025 में हम 38वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह हमारे लोगों की क्षमता को दशार्ता है। मुझे पूरा विश्वास है कि अगले तीन वर्षों में भारत शीर्ष 10 देशों में शामिल होगा और हमारे युवाओं के प्रदर्शन और क्षमताओं को देखते हुए, दुनिया में नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

स्टार्टअप इंडिया योजना भारत सरकार की प्रमुख पहल है। जिसे 2016 में नवाचार को बढ़ावा देने और एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए शुरू किया गया था, जिससे भारत को नौकरी चाहने वाले देश से नौकरी देने वाले देश में बदला जा सके। अमित शाह ने कहा, 2014 में हमारे पास केवल 500 स्टार्टअप थे।

आज हमारे पास उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के साथ 1.92 लाख स्टार्टअप पंजीकृत हैं। 2014 में हमारे पास चार यूनिकॉर्न थे और अब हमारे पास 120 ऐसे प्रतिष्ठान हैं। जिनका संयुक्त बाजार मूल्य 350 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

# 23 माह बाद सीतापुर जेल से रिहा हुए आजम खां पिता को लेने पहुंचे बेटे, समर्थकों में उत्साह

**सीतापुर।** जिला कारागार से 23 माह बाद मंगलवार करीब 12:20 बजे आजम खां रिहा हो गए हैं। जिला कारागार से दो गाड़ियां बाहर आई हैं। एक गाड़ी में आजम खां चार लोगों के साथ बैठे हैं। इनमें उनके पुत्र अदीब, अब्दुल्ला, उनके प्रतिनिधि व दो अन्य लोग हैं। दूसरी गाड़ी में आजम खां का सामान है। यह वही सामान है, जो उनके साथ कारागार में था। इनमें उनकी किताबें, कपड़े व अन्य सामान शामिल है।



**एलआईयू, ड्रोन टीम व पीएसी रही मुस्तैद**

बता दें कि आजम खां की रिहाई को लेकर मंगलवार सुबह से ही एलआईयू की टीमें, ड्रोन टीम व पीएसी के जवान मुस्तैद रहे। एएसपी उत्तरी आलोक सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस विनायक भोंसले, यातायात निरीक्षक फरीद अहमद व करीब आठ थानों की फोर्स मौजूद रही। जिला कारागार के सामने ओवर ब्रिज पर भी खड़े लोगों को पुलिस हटाती नजर आई। इसके पहले, रामपुर एमपी एमएलए कोर्ट में जुमार्ना जमा होने के बाद आधिकारिक मेल जिला कारागार सीतापुर पहुंची। जिला कारागार ई मेल पहुंचने के बाद आजम खां रिहा हुए। 3 - 3 हजार के दो जुमार्ने कोर्ट में जमा हुए।

बता दें कि आजम की रिहाई की खबर सुनकर मंगलवार सुबह 5 बजे से ही समाजवादी पार्टी के विधायक अनिल वर्मा, समाजवादी छात्र सभा के कार्यकताओं के साथ रामपुर से आए आजम खां के समर्थक जुटने लगे। दिन चढ़ने के साथ जिला कारागार के बाहर कार्यकर्ताओ की भीड़ बढ़ी तो एएसपी उत्तरी आलोक सिंह के साथ शहर कोतवाली, रामकोट, खैराबाद, बिसवां, सकरन व अन्य थानों की फोर्स बुलाई गई।

इसी बीच सुबह करीब सवा सात बजे आजम खां के बेटे अदीब खां जिला कारागार पहुंचे। करीब 15 मिनट रुकने के बाद वह जेल से बाहर निकले। उन्होंने कुछ भी बोलने से इंकार किया। वह सपा के पूर्व विधायक अनूप गुप्ता के आवास पर चले गए।

आजम खां के ऊपर दर्ज हैं 104 केस आजम खां के ऊपर कुल 104 केस दर्ज हैं। इसमें रामपुर में 93 मामलेदर्ज हैं। सभी मामलों में उन्हें जमानत मिल चुकी है।

**सांसद रुचिवीरा बोलीं- उनके निर्देश पर तय होगी रणनीति :** समाजवादी पार्टी की सांसद रुचिवीरा मंगलवार को आजम खां की रिहाई को लेकर सीतापुर पहुंची हैं। कहा कि न्यायपालिका को धन्यवाद देती हूं। बसपा में जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि आजम खां साहब पहले बाहर आएं। वह अपने परिवार के लोगों से मिलें। इसके बाद उनके निर्देश पर आगे की रणनीति पर काम होगा। उन्होंने कहा कि अभी उनको यह नहीं पता है कि आगे की रणनीति क्या होगी।

# 'वोट चोरी और बेरोजगारी एक-दूसरे से जुड़े अन्याय बर्दाश्त नहीं करेंगे युवा' राहुल का भाजपा पर वार



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने दावा किया है कि भारत में युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और इसका सीधा रिश्ता वोट चोरी से है। उन्होंने कहा कि अब हालात बदल रहे हैं और देश के युवा यह समझ चुके हैं कि असली लड़ाई सिर्फ नौकरियों की नहीं है, बल्कि वोट चोरी के खिलाफ है। राहुल गांधी ने चेतावनी दी कि युवा अब न तो नौकरी चोरी और न ही वोट चोरी को बर्दाश्त करेंगे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब तक देश में चुनाव ईमानदारी से नहीं होंगे और वोट चोरी होती रहेगी, तब तक युवाओं को रोजगार नहीं मिलेगा और भ्रष्टाचार लगातार बढ़ेगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एकस पर हिंदी में पोस्ट करते हुए लिखा कि आज के समय में भारत के युवाओं के सामने सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है और यह सीधे-सीधे वोट चोरी से जुड़ी हुई है।

**'युवाओं को रोजगार-अवसर उपलब्ध कराना सरकार का कर्तव्य'**

राहुल गांधी ने कहा, 'जब कोई सरकार जनता का भरोसा जीतकर सत्ता में आती है, तो उसका पहला कर्तव्य युवाओं को रोजगार और अवसर उपलब्ध कराना होता है। लेकिन भाजप ईमानदारी से चुनाव नहीं जीतती। वे सत्ता में बने रहने के लिए वोट चुराते हैं और संस्थाओं को अपने नियंत्रण में रखते हैं।' उन्होंने आरोप लगाया कि इसी वजह से बेरोजगारी 45 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। सरकारी नौकरियों में भर्ती की प्रक्रिया ठप हो गई है, परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं और हर भर्ती घोटाले की कहानियां भ्रष्टाचार से जुड़ी होती हैं।

**पीएम मोदी पर राहुल ने साधा निशाना**

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, 'देश के युवा मेहनत करते हैं, सपने देखते हैं और अपने भविष्य के लिए संघर्ष करते हैं। लेकिन मोदी जी का ध्यान सिर्फ अपने पीआर पर है, कभी मशहूर हस्तियों से अपनी तारीफ करवाने में, तो कभी बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने में। सरकार की पहचान अब युवाओं की उम्मीदें तोड़ने और उन्हें हताश करने वाली बन चुकी है।'

**छात्रों पर पुलिस के लाठीचार्ज का वीडियो किया शेयर**

उन्होंने अपनी पोस्ट के साथ एक वीडियो भी साझा किया जिसमें एक तरफ नौकरी की मांग कर रहे छात्रों पर पुलिस के लाठीचार्ज के दृश्य हैं, जबकि दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी को पौधारोपण करते, मोर को दाना खिलाते और योग करते दिखाया गया है। राहुल गांधी ने कहा, 'सच्ची देशभक्ति अब भारत को बेरोजगारी और वोट चोरी से मुक्त कराने में है।'

# दिल्ली में जहरीला कुट्टू, नवरात्रि के पहले दिन आटा खाने से 200 लोग बीमार, अस्पताल में हुए भर्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई इलाकों में कुट्टू का आटा खाने के बाद करीब 150 से 200 लोगों को उल्टी व बेचैनी की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशेष यादव ने सभी मरीजों की हालत स्थिर बताई है। उत्तर पश्चिम जिला के विभिन्न इलाके में कुट्टू का आटा खाने के बाद सैकड़ों लोग बीमार हो गए। सभी को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में लाया गया। जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि मंगलवार तड़के 6.10 बजे जहांगीरपुरी थाना पुलिस को बड़ी संख्या में लोगों के कुट्टू का आटा खाने के बाद बेचैनी की शिकायत किए जाने की सूचना मिली।



सूचना पर पुलिस तुरंत बाबू जगजीवन राम अस्पताल पहुंची। जहां पूछताछ करने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विशेष यादव ने बताया कि जहांगीरपुरी, महेंद्र पार्क, समयपुर, भलस्वा डेयरी, लाल बाग और स्वरूप नगर जैसे इलाकों से लगभग 150-200 लोग उल्टी की शिकायत लेकर आपातकालीन वार्ड में आए थे।

उन्होंने बताया कि सभी मरीजों की हालत स्थिर पाई गई। किसी को भी अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। किसी भी मामले की गंभीरता की सूचना नहीं है। पुलिस ने मामले पर तुरंत कार्रवाई करते हुए स्थानीय दुकानदारों, विक्रेताओं और निवासियों को बीट स्टाफ और जन संबोधन प्रणालियों के माध्यम से जागरूक कर रही है। मामले को आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए खाद्य विभाग को भी सूचित कर दिया गया है।

# कवि नगर रामलीला में हाईटेक तरीके से पेश सीता हरण का दर्शकों ने खूब आनंद उठाया



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कवि नगर स्थित श्री धार्मिक रामलीला द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव में मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बाल कलाकारों ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।रोज की तरह 7:30 बजे रामलीला की शुरूआत की गई। इस बार आधुनिक तकनीक से रामलीला का मंचन किया जा रहा है। 3 घंटे में पूरी रामलीला का मंचन किया जा रहा है। मंगलवार को हाईटेक तरीके से रावण द्वारा सीता हरण का मंचन को लोगों ने खूब पसंद किया।

इस मौके पर अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेंद्र चोपड़ा, गुलशन बजाज, अजय जैन, दिवाकर सिंगल, तरुण चोटानी, नवेंदु सक्सेना, डीपी कौशिक, पवन गुप्ता, जगत शर्मा दिव्यांशु सिंगला आदि उपस्थित थे।

# उत्तराखंड में महक क्रांति नीति को मंजूरी इन छह प्रस्तावों पर लगाई धामी सरकार ने मुहर

**देहरादून।** प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तराखंड कारागार के ढांचे का पुनर्गठन मंजूर किया गया। कई नए पदों को इसमें शामिल किया गया। 27 पद स्थायी, बाकी आउटसोर्सिंग के माध्यम से होंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में छह प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। इस दौरान महक क्रांति नीति को मंजूरी दी गई। नीति के पहले चरण में 91,000 लाभार्थियों के माध्यम से 22,750 हेक्टेयर भूमि पर अरोमैटिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।

डीजी सूचना बंशीधर तिवारी ने कैबिनेट की ब्रीफिंग की। बताया कि रोमैटिक प्लांट्स पर अब सब्सिडी मिलेगी। एक हेक्टेयर तक लगाने वालों को 80% और इससे अधिक जमीन पर 50% सब्सिडी दी जाएगी।

**दूसरा:** उत्तराखंड कारागार के ढांचे का पुनर्गठन मंजूर। कई नए पदों को इसमें शामिल किया गया। 27 पद स्थायी, बाकी आउटसोर्सिंग के माध्यम से होंगे।

**तीसरा :** 1872 ईडब्ल्यूएस भवनों के निर्माण में अतिरिक्त 27 करोड़ राज्य सरकार देगी। रुद्रपुर में बन रहे हैं पीएम आवास के भवन।

**चौथा :** दूरदर्शन के माध्यम से हो रहे प्रसारण के लिए आठ नए पदों को स्वीकृति दी गई। यह शिक्षा विभाग के अंतर्गत है। एससीईआरटी टीवी चैनल के माध्यम से प्रसारण कराता है। उन छात्रों के लिए लाभदायक है, जो किसी कारण क्लास में नहीं जा सकते।

**पांचवां :** उत्तराखंड राजकीय प्रारंभिक शिक्षा सेवा नियमावली के तहत विशेष शिक्षा के पदों पर सितंबर 17 से मार्च 2019 तक के दूरस्थ शिक्षा से डीएलएड पास युवाओं को भी आउटसोर्सिंग से मौका मिलेगा। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के टीईटी अनिवार्य का फैसले के खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करेगी। दिव्यांग से विवाह करने वालों को 25,000 के बजाय 50,000 रुपये अनुदान मिलेगा।



# मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने कराई सेवा पखवाड़ा के तहत चित्रकला प्रतियोगिता





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सेंट टेरेसा स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय था ₹विकसित भारत₹। मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने इस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया।- बच्चों ने विकसित भारत के विभिन्न पहलुओं को अपनी चित्रकला में दशार्या।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति और विकसित भारत की भावना को बढ़ावा देना था। इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को अपने विचारों और कल्पनाओं को व्यक्त करने का अवसर मिला। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा बनाई गईं पेंटिंग्स ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने प्रतिभागी छात्राओं के कार्य की सराहना करते हुए कहा, चित्रकला केवल रंगों और रेखाओं का मेल नहीं, बल्कि यह हमारी संस्कृति, सोच, त्योहारों और भावनाओं का प्रतिबिंब है। हर चित्र हमें हमारी जड़ों और विरासत से जोड़ता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़े के तहत पूरे देश में विविध सेवा गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसमें स्वच्छता अभियान, चिकित्सा शिविर, वृक्षारोपण, सड़क सुरक्षा जागरूकता जैसे कार्यक्रम शामिल हैं, जो समाज को सकारात्मक दिशा दे रहे हैं। वही उन्होंने कहा की विद्यार्थियों ने पेंटिंग के जरिए विकसित भारत , आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल भारत का शानदार संदेश दिया । इस अवसर पर महामंत्री देवाशीष दत्त महामंत्री प्रशांत राघव मंत्री स्वाति चौहान मंत्री गायत्री पांडे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आजम खां के जेल से रिहा होने पर अखिलेश की पहली प्रतिक्रिया

## बोले- भाजपा को कभी अच्छे नहीं लगते ऐसे लोग

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजम खां के जेल से रिहा होने के बाद पहली प्रतिक्रिया दी है। इस मौके पर उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोला।

सपा नेता आजम खां के जेल से रिहा होने के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पहली प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हर झूठ की एक मियाद होती है। भाजपा को सामाजिक सौहार्द के प्रतीक लोग कभी अच्छे नहीं लगते हैं

उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि माननीय आजम खां जी की रिहाई उनके और उनके परिवार और हम सब के साथ-साथ, उन सब लोगों के लिए राहत और खुशी की बात है जो इंसाफ में ऐतबार करते हैं। न्याय में विश्वास को बनाए रखने के लिए अदालत का दिल से शुक्रिया। आज फर्जी मुकदमे करनेवालों को भी ये सबक मिल गया है कि हर ह्यझूठह्ण की एक मियाद होती है और हर साज़िश की भी। जो लोग सामाजिक सौहार्द के प्रतीक होते हैं, भाजपा को वो कभी अच्छे नहीं लगते हैं।



आजम खां एक बार फिर से हर उपेक्षित, पीड़ित, दुखी, अपमानित के साथ खड़े होकर, भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों के द्वारा किये जा रहे जनता के दमन के खिलाफ आवाज उठाएंगे और हमेशा की तरह देश-प्रदेश की भावनात्मक एकता के प्रतीक बनकर, समाजवादी मूल्यों और सिद्धांतों के साथ, सामाजिक न्याय के संघर्ष की राह पर आगे बढ़ते जाएंगे! इंसाफ जिंदाबाद!

**संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपनी पुत्री सना से समस्त रिश्ते नाते व सम्बन्ध समाप्त कर उनको अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उससे हमारा व हमारे परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता नही होगा तथा अपने द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन, व्यवहार या कृत्य के लिए वह स्वम जिम्मेदार होगी हमारे व हमारे परिवार का कोई उत्तरदायित्व किसी प्रकार का नहीं होगा।

**प्रार्थीगण**
शाहिद पुत्र रियाजुददीन व
श्रीमती नसीमाबानो पत्नी शाहिद निवासीगण
मकान नंबर-775 / 2 मसूरी, जिला-गाजियाबाद

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्या-एम-395ए, सै0-23 संजयनगर, गाजियाबाद का आवंटन प्राधिकरण से श्री अनिल कुमार पुत्र श्री घसीटा सिंह को हुआ है। इनके द्वारा श्री शशीकान्त शर्मा पुत्र श्री रिछपाल शर्मा को दिनांक 29.06.2001 को मुख्त्यारेआम पंजीकृत किया गया। मुख्त्यारेआम के माध्यम से मूल आवंटी के पक्ष में दिनांक 30.05.2003 को लीजडीड निष्पादित कराकर मुख्त्यारेआम श्री शशीकान्त शर्मा द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती ममीना साहू पत्नी श्री सुरेश चन्द साहू के पक्ष में दिनांक 25.06.2025 को कर दिया गया। अब श्रीमती ममीना साहू उक्त भवन के अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराना चाहती है। इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी श्री अनिल कुमार पुत्र श्री घसीटा सिंह के नाम के स्थान पर श्रीमती ममीना साहू पत्नी श्री सुरेश चन्द साहू का नाम दर्ज कर लिया जायेगा।

**सहायक प्रभारी सम्पत्ति गाजियाबाद विकास प्राधिकरण गाजियाबाद।**

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# द बर्निंग चौपला बाजार होने से बचाया

## समय रहते पहुंची दमकल, नहीं तो जल उठता पूरा बाजार



**मुस्तैदी**

> सैकड़ों दुकानें आती चपेट में, एक घंटे की मशक्कत से बची बड़ी अनहोनी




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मंगलवार शहर के बीचोंबीच स्थित घंटाघर कोतवाली क्षेत्र के चौपला मंदिर के पास मंगलवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पूजा सामग्री की एक दुकान की दूसरी मंजिल पर अचानक आग भड़क उठी। थोड़ी सी देर हो जाती, तो ःद बर्निंग चौपलाः हकीकत बन जाता और सैकड़ों दुकानें इसकी चपेट में आ सकती थीं। दमकल विभाग की तत्परता ने बड़ी घटना को टाल दिया। चार फायर टेंडर की मदद से एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि, आग की भयावहता ऐसी थी कि पूरे इलाके में धुआं ही धुआं फैल गया और अफरातफरी का माहौल बन गया।

शॉर्ट सर्किट नजर आ रही है आज की वजह करंट क्राइम को दमकल विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी है। कि शॉर्ट सर्किट की आशंका, लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि दमकल कुछ देर और लेट हो जाती, तो बाजार की सैकड़ों दुकानें इसकी चपेट में आ जातीं और करोड़ों का नुकसान हो सकता था। इस घटना के बाद प्रशासन ने दमकल विभाग की तत्परता की सराहना की है और बाजार क्षेत्र में अग्नि सुरक्षा उपायों की समीक्षा के आदेश दिए गए हैं।

### पूजा सामग्री की दुकान में लगी थी भीषण आग





करंट क्राइम। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि सुबह 10:17 बजे फायर स्टेशन को सूचना मिली कि चौपला मंदिर के पास एक पूजा सामग्री की दुकान में आग लगी है। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली से दमकलकर्मी चार गाड़ियों के साथ मौके पर रवाना हुए। दुकान के मालिक प्रह्लाद कुमार और मुकेश कुमार की दूसरी मंजिल पर स्थित दुकान में आग ने तेजी से फैलना शुरू कर दिया था। दमकल कर्मियों ने मोटर फायर इंजन और होजरील की दो लाइनें लगाकर तुरंत बुझाने का काम शुरू किया। धुएं से भरे वातावरण में कर्मचारियों ने बीए सेट पहनकर अंदर प्रवेश किया और आग पर पूरी तरह काबू पाया।

# 'सेवा पखवाड़ा' पहल पर जे.पी. नड्डा से मिले यशोदा मेडिसिटी के डॉ. पी.एन. अरोड़ा



**अच्छी पहल**

> डॉ. अरोड़ा ने कहा कि यह पहल सेवा और सामाजिक उत्थान के मूल्यों को आगे बढ़ाएगी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में शुमार यशोदा मेडिसिटी ने 'सेवा पखवाड़ा' पहल को लेकर अपनी सक्रिय भूमिका दर्ज कराई है। अस्पताल के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पी.एन. अरोड़ा और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. उपासना अरोड़ा ने हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा से भेंट कर इस पहल की दिशा और सामाजिक प्रभाव पर चर्चा की।

### सेवा मूल्यों को बढ़ावा देने पर जोर



करंट क्राइम। बैठक के दौरान 'सेवा पखवाड़ा' के उद्देश्यों, इसकी दृष्टि और इसके जरिए समाज के विभिन्न वर्गों तक स्वास्थ्य व कल्याण पहुँचाने की रणनीतियों पर विस्तार से बातचीत हुई। डॉ. अरोड़ा ने कहा कि यह पहल सेवा और सामाजिक उत्थान के मूल्यों को आगे बढ़ाती है और विकसित भारत के निर्माण में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकती है।

### मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं की सौगात

करंट क्राइम। इसी क्रम में यशोदा मेडिसिटी ने 2 अक्टूबर तक चलने वाले एक विशेष स्वास्थ्य कार्यक्रम की घोषणा की है। इसके तहत मुफ्त परामर्श और व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह कार्यक्रम हृदय रोग, कैंसर, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सहित कई क्षेत्रों को कवर करेगा।

### सामूहिक प्रयासों से सकारात्मक बदलाव

करंट क्राइम। मुलाकात के दौरान यह भी रेखांकित किया गया कि सरकार, संस्थान और नागरिक समाज के सामूहिक प्रयासों से सामाजिक स्वास्थ्य और कल्याण पर स्थायी व सकारात्मक प्रभाव डाला जा सकता है।

# 'जब कक्षा 8 की हिमांशी बनीं एक दिन की जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी'

**आत्मविश्वास**

> 'मिशन शक्ति' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस विशेष पहल में हिमांशी ने इतिहास रच दिया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कल्पना कीजिए - एक मासूम सी आठवीं की छात्रा, जिसके कंधों पर किताबों का बोझ होना चाहिए, वह आत्मविश्वास से भरे कदमों के साथ ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारी की कुर्सी पर बैठी है। कमरे में मौजूद अधिकारी और शिक्षक उस पल को गर्व से देख रहे हैं। चेहरों पर आश्चर्य और तालियों की गूंज से पूरा माहौल जीवंत हो उठा। यह कोई फिल्मी दृश्य नहीं, बल्कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रजापुर की छात्रा हिमांशी की सच्ची कहानी है। 'मिशन शक्ति' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस विशेष पहल में हिमांशी ने एक दिवसीय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का दायित्व संभालकर इतिहास रच दिया।

**समुदाय का गर्व :** गाँव-क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई यह घटना। लोग कह रहे थे, देखो, हमारी बेटियाँ भी नेतृत्व की मिसाल पेश कर सकती हैं। विद्यालय परिवार और स्थानीय समुदाय ने हिमांशी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।



### कुर्सी पर बैठते ही बदली तस्वीर

जैसे ही हिमांशी ने अधिकारी की कुर्सी संभाली, वातावरण बदल गया। फाइलों का निरीक्षण, अधिकारियों से बातचीत, विद्यालय प्रबंधन और छात्राओं की प्रगति पर समीक्षा झ सब कुछ उन्होंने जिस गंभीरता से किया, उसे देखकर हर कोई दंग रह गया। हिमांशी ने साफ कहा, छात्राओं को मेहनत और आत्मविश्वास से पढ़ाई करनी चाहिए, तभी बड़ी जिम्मेदारियों को निभाया जा सकता है।

**छात्राओं के लिए बनी प्रेरणा :** इस नजारे ने विद्यालय की बाकी छात्राओं में जोश भर दिया। मानो उनकी आंखों के सामने भविष्य का रास्ता रोशन हो गया हो। छात्राओं ने महसूस किया कि किताबों से निकलकर वे भी एक दिन ऊँचे पद पर पहुँच सकती हैं।



# सामने वाले पार्षद पर खींचा आमने वाले पार्षद ने ध्यान

## कहा, हम पर करना ये एहसान, मत करना हम पर कोई एहसान


**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मामला नदिया पार के एक वार्ड में तूल पकड़ रहा है और किस्सा दोनों तरफ से फूल वालों का है। किस्से में एक तरफ भगवा पार्षद पति हैं तो दूसरी तरफ स्वयं भगवा पार्षद हैं और पहले वो भी पार्षद पति थे। किस्से में राम वाले हैं, किस्से में काम है और किस्से में लाइट को लेकर इंटरनल फाइट है। एफ-ब्लॉक वाला एक रामलीला मैदान है। सेक्टर-3 वाले बताते हैं कि यहां 19 साल से रामलीला हो रही है। यहां के मैडम पार्षद बहुत ही एक्टिव हैं और अक्सर वार्ड की एक्टिविटी के वीडियो फेसबुक पर आते हैं। मोहल्ले वाले बताते हैं कि रामलीला वाले मैदान में लाइट की जरूरत थी।

रामलीला कमेटी वालों का तर्क था कि अगर इस रामलीला मैदान में एक स्ट्रीट वाली लाइट लग जाएगी तो राम का वर्क आसानी से हो जाएगा। लिहाजा मोहल्ले वाले एकजुट होकर मैडम पार्षद के पास गए और कहा कि अगर पार्क में लाइट लग जाए तो बड़ी मेहरबानी होगी। इसके बाद मोहल्ले वाले इंतजार करते रहे और रामलीला शुरू हो गई। जब इस पार्षद से काम नहीं चला तो इस मोहल्ले वाले उस मोहल्ले वाले पार्षद के पास चले गए। ठाकुर पार्षद काम को लेकर सजग रहते हैं और कभी जनता को मना नहीं करते हैं। लिहाजा जब इस वार्ड वाले उस वार्ड में पहुंचे तो ठाकुर साहब ने पहले तो उन्हें वार्ड का परिसीमन बताया और उन्हें समझाया कि लाइट तो मैं लगवा दूंगा लेकिन सीन बिना मतलब की इंटरनल फाइट का हो जाएगा। क्योंकि जिस वार्ड में आप लाइट चाहते हैं मैं उस वार्ड का प्रतिनिधि नहीं हूं। लेकिन पब्लिक भी कहां मानती है और उन्होंने कहा कि ठाकुर साहब अगर आप कहेंगे तो हमारा काम जरूर हो जाएगा।

ठाकुर पार्षद ने इस बात का ध्यान रखा कि काम भी हो जाए और उस वार्ड वाले पार्षद का सम्मान भी हो जाए। लिहाजा उन्होंने पब्लिक को एक ऑफर दिया कि मैं पार्क में तो नहीं लेकिन सामने की तरफ लाइट लगवा सकता हूं। इसके बाद सामने के स्थल पर लाइट लगने का काम पास हुआ। मगर, विकास तब फेल हुआ जब स्ट्रीट लाइट के लिये फाउंडेशन का काम शुरू हुआ और फाउंडेशन के काम को उस वार्ड की मैडम पार्षद के पति ने जाकर रुकवा दिया। पार्षद पति ने विकास की गति रोकी और यहां पर मामला वार्ड की सीमाओं का आ गया।

वार्ड का बॉर्डर कहां है और इसी बात पर वर्क ऑर्डर में ब्रेक लगे। लोग अब परेशान घूम रहे हैं क्योंकि इस वाले पार्षद ने पहले तो काम कराया नहीं और काम शुरू हो गया तो उसे उनके पति ने रुकवा दिया। ठाकुर साहब पार्षद के रूप में जनता के लिये हाजिर हैं मगर वो पार्टी प्रोटोकॉल को भी फोलो कर रहे हैं और सीन कुछ ऐसा हो गया है कि आमने वाले पार्षद ने सामने वाले पार्षद से मानो ये कह दिया है कि हम पर एक एहसान करना कि हम पर कोई एहसान मत करना। वो वार्ड की लाइट को लेकर फाइट करने को तैयार हैं।





# महापौर ने ट्रांस हिण्डन क्षेत्र में 3 करोड़ 12 लाख के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ट्रांस हिण्डन क्षेत्र में महापौर सुनीता दयाल द्वारा 3 करोड़ 12 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया जिसमें-

- इंदिरापुरम में गौर ग्रीन विस्टा सोसाइटी से जी डी ए मार्किट त 100 मीटर की सीवर लाईन 600 एम एम व्यास की आर सी सी ठढ3 सीवर लाईन बिछाने के कार्य जिसकी लागत लगभग 2 करोड़ 95 लाख है।
- लाजपत नगर के ब्लॉक पार्क के चारो ओर इंटर लॉकिंग टायल्स लगाने का कार्य जिसकी लागत लगभग 17 लाख 40 हजार है।



उपरोक्त कार्यो को लिया गया है इन कार्यो की अति आवश्यकता होने के कारण अति शीघ्रता से कराया गया है क्योंकि इंदिरापुरम में नालो का कार्य चल रहा है और सड़कों का भी शुरू होगा और सड़क बनने के बाद सीवर लाइन का कार्य करने से नगर निगम की हानि हो सकती थी इसलिए अब उपरोक्त स्थल पर पहले सीवर का कार्य हो जाएगा फिर सड़क निर्माण और ऐसे ही लाजपत नगर के लॉक वासियों की सड़क की शेष, पृष्ठ 8

# योग को जीवन का हिस्सा बनाएं, सिर्फ एक दिन का उत्सव नहीं : पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी इस उम्र में भी योग की कठिन मुद्राएँ करके न केवल अपनी सेहत का ध्यान रख रहे हैं, बल्कि समाज को यह संदेश भी दे रहे हैं कि योग को सिर्फ. योग दिवस तक सीमित नहीं रखना चाहिए।

त्यागी ने कहा कि लंबे समय तक सार्वजनिक जीवन में रहने के कारण वे भोजन में अनुशासन नहीं रख पाए। जिस समय जो मिला, जैसा मिला, खा लिया। स्वादिष्ट भोजन मिलने पर इच्छाओं पर नियंत्रण नहीं रख सके। इस खानपान की अव्यवस्था ने नुकसान पहुँचाया। लेकिन अब वे मानते हैं कि शरीर जैसा भी है, उसे उपयोगी बनाए रखने के लिए प्रयास करते रहना जरूरी है।

बालेश्वर त्यागी का कहना है कि युवाओं को चाहिए कि वे अभी से योग को जीवन का हिस्सा बनाएँ, और बुजुर्गों को चाहिए कि वे शरीर को सक्रिय रखने के लिए अपनी क्षमता अनुसार योग या व्यायाम करते रहें।

त्यागी राजनीति और सामाजिक विषयों पर तेज-तर्रार लेखन के लिए जाने जाते हैं, और अब उनका योग अभ्यास समाज के लिए एक नया संदेश बन रहा है : स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है, और योग उसका सबसे आसान रास्ता।



उन्होंने अपने अभ्यास में जिन मुद्राओं को अपनाया है उनमें शामिल हैं :

- **वृक्षासन :** संतुलन और एकाग्रता बढ़ाने के लिए।
- **उष्ट्रासन :** रीढ़ की लचक और छाती के विस्तार के लिए।
- **अर्ध मत्स्येन्द्रासन :** पाचन तंत्र और लचीलापन सुधारने के लिए।
- **सेतुबंधासन :** कमर और पैरों की मजबूती के लिए।
- **उत्तानपादासन :** पेट और पाचन अंगों को सशक्त करने के लिए।
- **पवनमुक्तासन :** गैस और पाचन संबंधी परेशानियों से राहत के लिए।
- **अर्ध पवनमुक्तासन :** पीठ और पेट की मजबूती के लिए।

इन कठिन आसनों को इस उम्र में सहजता से करना यह साबित करता है कि अनुशासन और निरंतरता से किसी भी आयु में फिट और सक्रिय रहा जा सकता है।

## संपादकीय

# ट्रंप ने बार-बार अपने फैसले में किया है बदलाव

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पिछले कुछ समय से जिस तरह के फैसले ले रहे हैं, उसमें एक विचित्र अस्थिरता दिख रही है। इससे यह भी पता चलता है कि वे शायद हड़बड़ी में ऐसे नीतिगत फैसले भी ले रहे हैं, जिनमें थोड़े ही वक्त बाद उन्हें बदलाव करना पड़ता है। बीते हफ्ते शुक्रवार को उन्होंने एच1बी वीजा के लिए लागत में पचास गुना बढ़ोतरी करके उसे एक लाख डालर यानी करीब अठासी लाख रुपए करने की घोषणा कर दी। इस शुल्क का भुगतान एकमुश्त करना होगा। जाहिर है, इसके बाद व्यापक पैमाने पर चिंता जताई जाने लगी कि अगर यह घोषणा अमल में आई तो खासतौर पर वहां भारतीयों के सामने कैसी स्थितियां पैदा होंगी, वे कैसे और कितने दिन टिक सकेंगे। मगर जैसे ही इसके असर की व्यापकता बहस का मुद्दा बनी, उसमें यह पक्ष भी सामने आया कि अगर यह अमल में आता है तो इससे खुद अमेरिकी हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इसके बाद मची उथल-पुथल के बीच इस मसले पर उठे विवाद को शांत करने की कोशिश की गई और पहले के फैसले को बदलते हुए कहा गया कि यह शुल्क सिर्फ नए आवेदकों पर लागू होगा और एक बार ही देना पड़ेगा।

फिलहाल ताजा फैसले की जद में वे नहीं आएंगे भारतीय निश्चित रूप से वहां एच1बी वीजा पर रह रहे भारतीयों के लिए फिलहाल यह राहत की बात होगी कि ताजा फैसले की जद में वे नहीं आएंगे। मगर पिछले कुछ समय में ऐसे कई उदाहरण सामने आए, जिनमें ट्रंप ने बार-बार अपने फैसले में बदलाव किया। यह स्थिति तब है, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता किसी अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है और आए दिन ऐसे संकेत सामने आ रहे हैं, जिससे पता चलता है कि परिस्थितियों में बदलाव भी आ सकता है। इस क्रम में भारत पर दबाव बनाने के मकसद से अमेरिका ने आयातित वस्तुओं पर शुल्क लगा दिया और यहां तक कि रूस से तेल खरीदने के मामले में भी गैरजरूरी दखल देने की कोशिश की। सवाल है कि इसका असर आखिर क्या पड़ रहा है। अब तेजी से बदलती भू-राजनीतिक कूटनीति के दौर में वैश्विक समीकरण भी बदल रहे हैं। ऐसे में अमेरिका को शायद यह समझने की जरूरत है कि द्विपक्षीय संबंधों में बराबरी के स्तर पर एक दूसरे के हितों का ध्यान रखना जरूरी होता है।

# जीएसटी सुधारों के बाद सरकार एमएफसीजी की कीमतों पर रख रही नजर

## ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म भी जांच के दायरे में

**नई दिल्ली।** सरकारी सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार इस बात पर नजर रख रही है कि क्या एफएमसीजी वस्तुओं पर जीएसटी दर में कटौती का लाभ ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म द्वारा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम कीमतों में बदलाव की निगरानी कर रहे हैं। क्षेत्रीय कार्यालय निगरानी कर रहे हैं और हमें 30 सितंबर तक उनसे पहली रिपोर्ट मिल जाएगी।



केंद्र सरकार ने (फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स) उत्पादों पर जीएसटी दर कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंच रहा है या नहीं, इस पर निगरानी शुरू कर दी है। मंगलवार को सरकारी सूत्रों ने बताया कि कुछ ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर दैनिक आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में अपेक्षित कटौती न होने की शिकायतें मिल रही हैं। क्षेत्रीय कार्यालय मूल्य परिवर्तनों पर नजर रख रहे हैं। मुनाफाखोरी से संबंधित शिकायतों के लिए मुनाफाखोरी-रोधी तंत्र सक्षम नहीं किया गया है, फिर भी सरकार मूल्य निर्धारण पर नजर रख रही है। साथ ही विभिन्न कंपनियों ने स्वयं आगे आकर कहा है कि वे कीमतें कम करके कर कटौती का लाभ दे रही हैं। वित्त मंत्रालय ने 9 सितंबर को केंद्रीय जीएसटी के क्षेत्रीय अधिकारियों को पत्र लिखकर 54 आम इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में बदलाव की मासिक रिपोर्ट पेश करने को कहा था। इन वस्तुओं के ब्रांडवार अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के तुलनात्मक विवरण पर पहली रिपोर्ट 30 सितंबर तक केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) को सौंपनी होगी। 54 वस्तुओं की सूची में मक्खन, शैम्पू, टूथपेस्ट, टोमैटो केचप, जैम, आइसक्रीम, एसी, टीवी, सभी डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर, पट्टियां, थर्मामीटर, रबड़, क्रेयॉन और सीमेंट आदि शामिल हैं।

### 30 सितंबर तक आएगी पहली रिपोर्ट

उन्होंने कहा कि हम कीमतों में बदलाव की निगरानी कर रहे हैं। क्षेत्रीय कार्यालय निगरानी कर रहे हैं और हमें 30 सितंबर तक उनसे पहली रिपोर्ट मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि हम ऐसी शिकायतों पर कोई त्वरित प्रतिक्रिया नहीं चाहते।

### 22 सितंबर से नई दरें लागू

22 सितंबर से प्रभावी, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 5 और 18 प्रतिशत की दो-स्तरीय संरचना बन गया है। 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की पूर्व दरों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो दरों में मिला दिया गया है। इससे 99 प्रतिशत दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतें कम हो गई हैं।

# भारत के निजी क्षेत्र में मजबूत विस्तार की गति सितंबर नरम पड़ी

## पीएमआई का आंकड़ा 63.2 से 61.1 पर फिसला

**नई दिल्ली।** भारत के निजी क्षेत्र की वृद्धि दर सितंबर में मजबूत रही हालांकि यह अगस्त के पिछले कई वर्षों के उच्चतम स्तर से धीमी रही। कमजोर मांग के कारण नए ऑर्डरों में कमी आई है और रोजगार सृजन भी नरम पड़ा है।



भारत के निजी क्षेत्र की वृद्धि दर सितंबर में मजबूत रही हालांकि यह अगस्त के पिछले कई वर्षों के उच्चतम स्तर से धीमी रही। कमजोर मांग के कारण नए ऑर्डरों में कमी आई है और रोजगार सृजन भी नरम पड़ा है।

मंगलवार को आए एक सर्वेक्षण में यह बात कही गई है। एसएंडपी ग्लोबल की ओर से संकलित एचएसबीसी का फ्लैश इंडिया कम्पोजिट परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) इस महीने गिरकर 61.9 पर आ गया। अगस्त में इसकी अंतिम रीडिंग 63.2 थी।

# मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 58 अंक टूटा, निफ्टी 25200 के नीचे

**नई दिल्ली।** बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी मंगलवार को लगातार तीसरे दिन उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद गिरावट के साथ बंद हुए। आईटी और ब्लू-चिप निजी बैंकिंग शेयरों में बिकवाली और अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क में भारी बढ़ोतरी से जुड़ी चिंताओं के बीच विदेशी फंडों की निकासी से यह गिरावट आई। मंगलवार को कारोबार के दौरान रुपया 52 पैसे टूटकर 88.82 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निम्न स्तर पर आ गया। दिन भर बढ़त और गिरावट के बीच झूलने के बाद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 57.87 अंक या 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,102.10 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 593.85 अंकों के उतार-चढ़ाव के साथ 82,370.38 के उच्च स्तर और 81,776.53 के निम्न स्तर तक गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 32.85 अंक या 0.13 प्रतिशत गिरकर 25,169.50 पर आ गया। विश्लेषकों ने कहा कि ऑटो और चुनिंदा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में खरीदारी से नुकसान कम हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों का हाल सेंसेक्स की कंपनियों में ट्रेंट, टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, इटरनल और आईटीसी सबसे ज्यादा पिछड़े। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में बिकवाली से भी प्रमुख सूचकांकों में



गिरावट आई। हालांकि, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, मारुति और भारतीय स्टेट बैंक लाभ में रहे।

**निवेशकों की धारणा रही सतर्क :** जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू शेयर बाजार सीमित दायरे में कारोबार कर बंद हुआ और अंत में स्थिर रहा, जो समेकन जारी रहने का संकेत है।

### जीएसटी सुधारों से ऑटोमोबाइल के शेयरों में दिखी तेजी

मंगलवार को ऑटो शेयरों में तेजी रही। ऑटोमोबाइल की बुकिंग में तीव्र वृद्धि से ऑटो शेयरों में तेजी आई। अग्रणी कार निमार्ता कंपनियों मारुति सुजुकी और हुंडई मोटर इंडिया की सोमवार को बंपर बिक्री हुई, जहां खरीदार नई जीएसटी व्यवस्था के तहत कम कीमत पर अपने पसंदीदा मॉडल खरीदने के लिए कतार में खड़े दिखे। व्यापक इक्विटी बाजार में मंदी के रुख के विपरीत, बीएसई पर अशोक लेलैंड के शेयरों में 3.41 प्रतिशत, एमआरएफ के शेयरों में 2.08 प्रतिशत, मारुति के शेयरों में 1.83 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयरों में 0.89 प्रतिशत, टाटा मोटर्स के शेयरों में 0.78 प्रतिशत, आयशर मोटर्स के शेयरों में 0.57 प्रतिशत, अपोलो टायर्स के शेयरों में 0.28 प्रतिशत और हुंडई मोटर इंडिया के शेयरों में 0.08 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। सुबह के कारोबार के दौरान मारुति ने भी अपना 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर छुआ।

# ईपीएफओ ने जुलाई में 21.04 लाख नए सदस्य जोड़े, पिछले वर्ष की तुलना में 5.55 प्रतिशत का हुआ इजाफा

**नई दिल्ली।** श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने जुलाई 2025 में लगभग 9.79 लाख नए ग्राहकों को नामांकित किया। इसका मुख्य कारण रोजगार के बढ़ते अवसर, कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ के सफल आउटरीच कार्यक्रम हैं।

सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने जुलाई 2025 के दौरान 21.04 लाख शुद्ध सदस्य जोड़े। इसमें सालाना आधार पर 5.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मंगलवार को जारी नवीनतम पेरोल आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।



श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने जुलाई 2025 में लगभग 9.79 लाख नए ग्राहकों को नामांकित किया। इसका मुख्य कारण रोजगार के बढ़ते अवसर, कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ के सफल आउटरीच कार्यक्रम हैं। बयान में कहा गया है कि वर्ष-दर-वर्ष विश्लेषण से पता चलता है कि जुलाई 2024 की तुलना में शुद्ध वेतन वृद्धि में 5.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह रोजगार के अवसरों में वृद्धि और कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता को दशार्ता है। ईपीएफओ की प्रभावी आउटरीच पहलों से भी वेतन वृद्धि को बल मिला।

ईपीएफओ ने 18-25 आयु वर्ग में 5.98 लाख नए ग्राहक जोड़े, जो जुलाई 2025 में जोड़े गए कुल नए ग्राहकों का 61.06 प्रतिशत है। इसके अलावा, जुलाई 2025 के लिए 18-25 आयु वर्ग के लिए शुद्ध वेतन वृद्धि लगभग 9.13 लाख थी, जो जुलाई 2024 में पिछले वर्ष की तुलना में 4.09 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ती है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- बहुत ही दुर्लभ अवसरों पर एक तीसरा और चौथा इंद्रधनुष भी हो सकता है।
- कुछ इंद्रधनुष में केवल एक रंग होता है और इसे 'मोनोक्रोम इंद्रधनुष' कहा जाता है।
- आकाश में यदि सूर्य कम ऊंचाई पर होता है तो इन्द्रधनुष ऊंचाई पर बनता है और यदि आकाश में सूर्य अधिक ऊंचाई पर होता है तो इन्द्रधनुष काफी नीचे बनता है।
- इंद्रधनुष ने प्राचीन मिथकों में योगदान दिया है। ग्रीक लोगों का मानना? था कि इंद्रधनुष ने स्वर्ग और पृथ्वी के बीच एक पुल प्रदान किया था।
- इंद्रधनुष रंगावली का क्रम लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, नीलिगो, बैंगनी है।
- इंद्रधनुष न केवल बारिश में देखा जा सकता है बल्कि धुंध, स्प्रे, कोहरे और ओस में भी देखा जा सकता है, जब भी हवा में पानी गिरता है और दाएं कोण पर पीछे से चमकता हुआ प्रकाश होता है।
- अधिकांश इंद्रधनुष प्राथमिक इंद्रधनुष होते हैं, बाहरी किनारे पर लाल और भीतरी किनारे पर बैंगनी।

## राशिफल

**मेष :** पार्टनर के साथ खुशी के पल बिताने वाले हैं। गर्लफ्रेंड के साथ रोमांटिक ट्रिप पर जा सकते हैं। आप अपने जीवन साथी को कोई अच्छा तोहफा दे सकते हैं।

**वृष :** सुंदर जीवनसाथी की मनोकामना आज पूरी होने की संभावना है। विवाह स्थलों पर एक नजर डालें। एक दोस्त भी रिश्ता ला सकता है।

**मिथुन :** पार्टनर से विवाद हो सकता है। पारिवारिक जीवन में पत्नी के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। प्रेमी की आर्थिक मदद कर सकते हैं।

**कर्क :** प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। कोई पुराना दोस्त किसी रिश्ते को शादी के लिए भेज सकता है। प्रेमी से आज की मुलाकात सुखद रहेगी।

**सिंह :** पार्टनर के साथ चल रहा विवाद खत्म होने वाला है। आप आपसी बातचीत से प्रेमी को अपने वश में कर सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में सुख की दाता पत्नी होती है।

**कन्या :** पार्टनर के साथ चल रहा विवाद खत्म होने वाला है। बातचीत से प्रेमी को अपने वश में कर सकते हैं। वे रिश्ते में गर्माहट लाने के लिए कड़ी मेहनत करने जा रहे हैं।

**तुला :** पार्टनर के साथ गलतफहमी का शिकार हो सकता है। जीवनसाथी मानसिक सुख प्रदान करने वाला है। प्रेम जीवन में कोई दखल दे सकता है।

**वृश्चिक :** शादीशुदा लोगों के लिए आज का दिन काफी अच्छा रहेगा। आज आप अपने प्रेमी से दिल की बात करेंगे तो आपको सफलता मिलेगी।

**धनु :** अपने पार्टनर को ढेर सारी खुशियां देने वाले हैं। लव लाइफ के लिए नए संबंध स्थापित हो सकते हैं। आज लोग जो भी नया रिश्ता बनाते हैं, वह लंबे समय तक चलेगा।

**मकर :** आप किसी सहकर्मी की ओर आकर्षित होंगे। प्रेमी के साथ सैर-सपाटे का कार्यक्रम बन सकता है। दोस्त के साथ रोमांटिक पल बिताएंगे।

**कुंभ :** आज परिवार की जिम्मेदारी बखूबी निभाएंगे। प्रेमी से मिलने का विचार मन में आएगा। गर्लफ्रेंड के साथ तस्वीर देखने जा सकते हैं।

**मीन :** जीवनसाथी के साथ दिन बिताएंगे। किसी महिला से कुछ लोगों की नजदीकियां बढ़ेंगी। पति-पत्नी के संबंधों में मधुरता आएगी।

## चुटकुले

टीटू नशे की हालत में फोटो खिंचवाने गया।
फोटोग्राफर- सर, आप किसके लिए फोटो खिंचवाना चाहते हैं?
टीटू- ड्राइविंग लाइसेंस के लिए।
फोटोग्राफर- इस नशे की हालत में?
टीटू- हां, ताकि जब भी पुलिस मेरी गाड़ी रुकवाए तो उन्हें लगे मेरी शक्ल ही ऐसी है।

---

गली से आवाज आई- 400 रुपये में जिंदगी भर बैठ कर खाइये।
पत्नी ने जल्दी से अपने पति को बाहर भेजा। बाहर निकल कर पति ने देखा और गुस्से में अंदर आ गया।
पत्नी – क्या हुआ?
पति – अरे यार, कुर्सी बेच रहा है।

---

मिंकी – मम्मी, मैं जीवन में आगे बढ़ने के लिए क्या करूं?
मम्मी (गुस्से से) – पत्थर ले और और सबसे पहले मोबाइल फोड़।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 24 09 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



सृष्टि रोडे
अभिनेत्री



अनामिका चौहान



मीनाक्षी चौधरी



रोमा श्रीवास्तव



डॉ. वीरेश्वर त्यागी



देवांशु गौतम



मनीष गुप्ता



मोहित मुद्गल



राजकुमार यादव




संजीत गौड़



जीत गोयल



मोहित शर्मा



श्याम सुंदर माहेश्वरी



प्रवीण कुमार शर्मा



सौरभ चौधरी



सौरभ शर्मा



नितिन सहलोत



पवन दीक्षित



विकास भड़ाना



दीपक मित्तल



आकाश कश्यप




सतीश मंडल



अमन गुप्ता



सुमित भट्ट



सनी



करण शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला में ताड़का वध, मारीच-सुबाहु वध का हुआ मंचन




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर 7 में चल रही प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला महोत्सव के चौथे दिन मंगलवार की संध्या को ताड़का वध, मारीच-सुबाहु वध एवं अन्य प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन किया गया। मंचन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे रामलीला मैदान में जय श्रीराम के गगनभेदी नारे गूंजते रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ ताड़का वध के प्रसंग से हुआ। भगवान श्रीराम द्वारा ताड़का का वध कर ऋषियों को भयमुक्त कराने का दृश्य इतना सजीव प्रस्तुत किया गया कि उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके बाद मारीच और सुबाहु वध का मंचन हुआ, जिसमें राम-लक्ष्मण ने अपने दिव्य बाणों से यज्ञ को बाधित करने वाले राक्षसों का संहार किया। कलाकारों की दमदार संवाद-अभिनय और प्रभावशाली युद्ध-दृश्यों ने पूरे वातावरण को रोमांचित कर दिया।

संध्या के अन्य प्रसंगों ने भी दर्शकों को त्रेता युग की झलक का अनुभव कराया। मंचन में प्रकाश, ध्वनि और भव्य परिधानों का संयोजन दर्शनीय रहा। इस अवसर पर समिति के चेयरमैन नरेन्द्र भारद्वाज ने सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि रामलीला केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि समाज को सत्य, कर्तव्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी देती है। समिति के उपाध्यक्ष महेश भारद्वाज, सुशील उपाध्याय, बीना सेंगर, महासचिव श्री मनोज भारद्वाज, इंद्रपाल प्रधान, कोषाध्यक्ष श्री मनीष भारद्वाज, बृजमोहन मिश्रा, श्री मोहन सिंह राणा, संजीव भारद्वाज, अश्विनी कौशिक, मीडिया प्रभारी अमित किशोर, नितिन यादव तथा परामर्शदाता सुरेन्द्र भारद्वाज, गिरीश शर्मा कार्यकारिणी के सक्रिय सहयोग की सराहना की गई। वहीं, कल बुधवार पाँचवें दिन गंगा दर्शन और अयोध्या आगमन के दिव्य प्रसंगों का मंचन होगा।

# धूमधाम से बारात लेकर श्री राम पहुंचे राजा जनक के द्वार

## श्रद्धा भक्ति से कई स्थानों पर हुआ राम बारात का स्वागत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर रामलीला समिति की ओर से मंगलवार को धूमधाम से श्री राम की भव्य बारात निकाली गई। रामलीला मैदान में श्री गणेश पूजन के बाद बारात आरम्भ की गई। रामलीला मैदान से निकल कर राजनगर के विभिन्न सेक्टरों से होती हुई सेक्टर 10 के बाजार में होकर वापस रामलीला मैदान पहुंची। इस शोभा यात्रा में कई तरह की झांकियां भी मौजूद रहीं।

सेक्टर 4 में दीपक सिंहल के यहां आरती की गई, सेक्टर 6 में मुख्य मेला प्रबन्धक एस.एन. अग्रवाल के यहां नवीन गुप्ता के यहां स्वागत होकर , सेक्टर 8 में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा ने बारात का स्वागत किया। इसके बाद वरदान तिराहे होते हुए बारात सीधे सेक्टर 10 के चौराहे पर बनाई गई जनक पुरी में पहुंचीं। यहां जनक पुरी में राजा जनक के रूप में मुकेश मित्तल एवं उनकी पत्नी प्रीति मित्तल ने रानी सुनैना के रूप में द्वाराचार की रस्म पूरी की तथा बारात का स्वागत किया। बड़ी सी स्टेज पर जयमाला का भव्य कार्यक्रम हुआ। चौपाइयां एवं गीत गाएं जा रहे थे । जयमाल के पश्चात यहां से मां सीता की विदाई बहुत भावुक माहौल में की गई ।

इस मौके पर समिति के संस्थापक एवं संरक्षक जितेन्द्र यादव तथा नरेश सिंघल, महामंत्री दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, मेला प्रबंधक एस एन अग्रवाल, स्वागताध्यक्ष योगेश गोयल,राजीव मोहन गुप्ता, आर एन पाण्डेय, ब्रजमोहन सिंघल, सुभाष शर्मा, आलोक मित्तल, दीपक मित्तल , अमरीश त्यागी, राजीव त्यागी, जी.पी. अग्रवाल, सुन्दर लाल यादव, मुकेश मित्तल, विनोद गोयल, राजीव गुप्ता, प्रचार मंत्री सौरभ गर्ग, दिनेश शर्मा, मोतीलाल गर्ग, अनिल कुमार क्वालिटी स्टील वाले, मनीष वशिष्ठ, मदन लाल हरित, डीके गोयल, दीपक सिंघल, गोल्डी सहगल, ओमप्रकाश पोपली भोला, विजय लुम्बा, पंकज भारद्वाज, जेपी राणा, उषा गुप्ता, मंजू त्यागी, रेखा अग्रवाल सहित राजनगर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नवरात्रि पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का बड़ा तोहफा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मधुबन बापूधाम योजना के 161 आवंटियों को मिलेगा नया आशियाना, श्मशान से सटे भूखंडो से प्रभावित लोगों को लॉटरी के माध्यम से नये भूखंड दिये जायेंगे गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मधुबन बापूधाम योजना के 161 आवंटियों के लिए नवरात्रि के शुभ अवसर पर जीडीए ने यह सुनिश्चित किया है कि जिन आवंटियों को श्मशान के निकट भूखंड आवंटित होने के कारण असुविधा और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा था, उन्हें अब सुरक्षित और अनुकूल वातावरण में नए भूखंड दिए जाएंगे।

पिछले कई महीनों से प्रभावित आवंटियों द्वारा प्राधिकरण से लगातार अनुरोध किया जा रहा था कि उन्हें वैकल्पिक स्थान प्रदान किया जाए। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकरण उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स ने व्यक्तिगत रूप से स्थिति की समीक्षा की और शीघ्र समाधान हेतु ठोस कदम उठाए। उनके निर्देश पर नई योजना के तहत लेआउट को दोबारा तैयार किया गया, जिसे माननीय प्राधिकरण बोर्ड से विधिवत अनुमोदन भी प्राप्त हो चुका है।

30 सितम्बर को लॉटरी प्रक्रिया नए भूखंडों का आवंटन 30 सितम्बर 2025 को पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। इस लॉटरी में उन्हीं आवंटियों को शामिल किया जाएगा, जिनके भूखंड शमशान भूमि के निकट थे और जिन्होंने वैकल्पिक स्थान की मांग की थी। इस पूरी प्रक्रिया को पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी रखने के लिए स्वतंत्र पर्यवेक्षण की भी व्यवस्था की जा रही है। प्राधिकरण का लक्ष्य है कि हर आवंटी को ऐसा घर मिले जहाँ उनका परिवार सुरक्षित, स्वस्थ और गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत कर सके।

प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कहा, जनसंतोष ही हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हमें प्रसन्नता है कि हम नवरात्रि जैसे शुभ अवसर पर 161 परिवारों को राहत दे पा रहे हैं।

# पार्षद राजकुमार भाटी ने किया सर्वसमाज रामलीला का शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सर्व समाज रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला पार्षद राजकुमार भाटी ने गणेश पूजा कर फीता काटकर दीप प्रज्वलित करके रामलीला का शुभारंभ किया। सर्व समाज रामलीला समिति हर वर्ष बड़े धूमधाम से रामलीला का मंचन सेक्टर 3 वैशाली में करती आ रही है। इस वर्ष समिति अपने 19वें वर्ष में प्रवेश कर रही है और रामलीला का मंचन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर, ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर जितेंद्र यादव, प्रमोद राजपूत विनोद शर्मा प्रवीण कौशिक, विनोद शर्मा, दरोगा जितेंद्र कौशिक, रकम सिंह नगर, राजेंद्र त्यागी, जगन्नाथ यादव, प्रवीण वर्मा सहित कई सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता कालू यादव ने कराया मां भगवती का जागरण

## मृणालिनी सिंह ने ज्योति प्रचंड कर जागरण का किया शुभारंभ




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा में भाजपा नेता कालू यादव द्वारा आयोजित माँ भगवती के भव्य जागरण में बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित हुए। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि मृणालिनी सिंह ने ज्योति प्रचंड कर जागरण का शुभारंभ किया।

जागरण में माँ भगवती के भजनों, सुंदर झाँकियों और दिव्य वातावरण का आनंद लिया गया।- रातभर माता रानी की महिमा का गुणगान होता रहा और भक्तों ने माता रानी के दरबार में हृदय से प्रार्थना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन पूर्ण रूप से भक्तिभाव और आस्था से परिपूर्ण रहा, जिसमें हर तरफ जय माता दी के जयकारे गूंजते रहे। जागरण में बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित हुए और माँ भगवती की भक्ति में लीन रहे। इस आयोजन से भक्तों को माता रानी के आशीर्वाद और प्रेम का अनुभव हुआ।

# इनफेक्शन कंट्रोल पर कार्यशाला का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा जैन हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर और मेदांता हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें इनफेक्शन कंट्रोल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में डॉ. पीके जैन और उनकी टीम ने पूरा सहयोग दिया।

कार्यशाला में इनफेक्शन कंट्रोल के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई और स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों को इनफेक्शन कंट्रोल के महत्व और इसके कार्यान्वयन के बारे में जागरूक करना था। कार्यशाला के आयोजन से स्वास्थ्य कर्मियों को इनफेक्शन कंट्रोल के बारे में जानकारी प्राप्त हुई और वे अपने कार्य में इसका अनुप्रयोग कर सकेंगे। इससे मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य में सुधार होगा। इस अवसर पर डॉक्टर दुर्गेश, डॉक्टर रमेश, डॉक्टर आदिति, जावेद खान, श्रीकांत शर्मा, रूबी, तन्नू, श्रेया, रिहान, रानी, प्रियंका, अभिलाषा, निष्ठा, मोहिनी, मीना तिवारी सोनी आदि उपस्थित रहे।

# धार्मिक रामलीला समिति पर पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर के गंभीर आरोप

## सदस्यता निरस्तीकरण को बताया नियम विरुद्ध



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और गाज़ियाबाद के पूर्व सांसद प्रो. रमेश चंद तोमर ने एक प्रेस वार्ता में श्री धार्मिक रामलीला समिति (पंजी), कविनगर के अध्यक्ष और महामंत्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं। तोमर ने कहा कि समिति के महामंत्री द्वारा कई आजीवन सदस्यों को यह चेतावनी पत्र भेजा गया है कि यदि वे 11 मई 2025 को आयोजित साधारण सभा में अनुपस्थित रहे तो उनकी आजीवन सदस्यता निरस्त कर दी जाएगी। उन्होंने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि संस्था की पंजीकृत नियमावली में साधारण सभा से अनुपस्थित रहने पर सदस्यता समाप्त करने का कोई प्रावधान नहीं है। पूर्व सांसद ने आगे कहा कि संस्था का निर्वाचन लंबे समय से कालातीत है और इस कारण उच्च न्यायालय प्रयागराज में संबंधित याचिकाएं लंबित हैं। ऐसे में चुनाव संपन्न कराने का अधिकार रजिस्ट्रार सोसायटीज कार्यालय का है। उन्होंने यह भी दावा किया कि रजिस्ट्रार कार्यालय पूर्व में कई बार (14.07.2016, 04.12.2018, 13.03.2019 एवं 01.10.2022) आदेश जारी कर समिति को इस संबंध में अवगत करा चुका है। तोमर ने सवाल उठाया कि जब समिति के पदाधिकारी स्वयं ही कालातीत हैं तो वे साधारण सभा में अनुपस्थित रहने के आधार पर आजीवन सदस्यता समाप्त करने का अधिकार कैसे प्रयोग कर सकते हैं।

उन्होंने रजिस्ट्रार सोसायटीज से मांग की कि समिति की पत्रावली संख्या 1-52454 में उपलब्ध नियमों और पत्राचार का अध्ययन कर स्पष्ट किया जाए कि पदाधिकारी वैध हैं या नहीं, और क्या उनके पास सदस्यता निरस्तीकरण का कोई अधिकार है।

# इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बंदरों के आतंक पर यूपी सरकार को फटकारा, शहरी विकास विभाग को जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश में बंदरों के बढ़ते आतंक से परेशान लोगों को राहत देने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने इस मामले में राज्य सरकार के शहरी विकास विभाग को सीधे तौर पर ज़िम्मेदारी सौंपी है। न्यायालय ने विभाग के प्रमुख सचिव को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि नगर निगम और नगर पालिकाएं अपनी कानूनी जिम्मेदारियों को निभाएं।

यह निर्देश गाजियाबाद के निवासी विनीत शर्मा और प्राजक्ता सिंघल द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया। याचिकाकताओं के वकील, आकाश वशिष्ठ ने अदालत को बताया कि बंदरों का यह आतंक केवल कुछ जिलों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे राज्य में फैल चुका है। उन्होंने अखबारों की कतरनें पेश कीं, जिनमें कौशाम्बी, प्रयागराज, सीतापुर, बरेली और आगरा जैसे जिलों में बंदरों के हिंसक हमलों की खबरें थीं।

अधिवक्ता वशिष्ठ ने बताया कि बंदरों के झुंड, जिनकी संख्या कभी-कभी 200 से भी अधिक हो जाती है, लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर रहे हैं। इससे फसलें बर्बाद हो रही हैं और स्कूलों को बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम करने पड़ रहे हैं।

याचिका में मानव-बंदर संघर्ष के अलावा, बंदरों के लिए भोजन की कमी और भुखमरी जैसे मुद्दों को भी उठाया गया है। यह तर्क दिया गया कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम से बंदरों को हटा दिए जाने के बाद, अब यह स्थानीय निकायों का कर्तव्य है कि वे उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 और उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 के तहत इन समस्याओं को नियंत्रित करें।

कोर्ट ने इस बात पर निराशा व्यक्त की कि प्रत्येक विभाग अपनी जिम्मेदारी दूसरे पर टाल रहा है। गाजियाबाद के जिला मजिस्ट्रेट ने भी अपने हलफनामे में यह स्वीकार किया कि उन्होंने 20 अगस्त, 2025 को राज्य के शहरी विकास और पर्यावरण विभाग को एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने के लिए पत्र लिखा था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इस मामले की अगली सुनवाई तक, शहरी विकास विभाग को यह सुनिश्चित करना होगा कि स्थानीय निकाय बंदरों के आतंक से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाएं, जिसमें पुनर्वास, भोजन की व्यवस्था, और नागरिकों की शिकायतों के लिए एक 24x7 हेल्पलाइन स्थापित करना शामिल है। यह आदेश नागरिकों के जीवन के अधिकार और जानवरों के प्रति मानवीय व्यवहार के अधिकार के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# रोटरी गाजियाबाद स्मार्ट सिटी ने 16 जरूरतमंद लड़कियों को बनाया आत्मनिर्भर




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 16 जरूरतमंद लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक महीने का ब्यूटीशियन कोर्स शुरू किया। दिल्ली के स्लम एरिया से आई इन लड़कियों में कुछ अनाथ हैं और कुछ को रोजगार की सख्त आवश्यकता थी। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 अगस्त को शुरू हुआ और 23 सितंबर, 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इन सभी लड़कियों ने बड़ी लगन के साथ यह कोर्स सीखा और एक महीने के भीतर ब्यूटीशियन के रोजगार में महारत हासिल की। इन्हें प्रसिद्ध प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट रिचा मदान ने प्रशिक्षित किया। कोर्स के समापन के अवसर पर एक समारोह का आयोजन रिचा मदान मेकअप स्टूडियो एंड एकेडमी, नई दिल्ली में किया गया। लड़कियों ने अंतिम परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की, जिसके बाद उन्हें पूर्व गवर्नर डॉ. सुभाष जैन, क्लब अध्यक्ष भारती गर्ग, रो. रमा गुप्ता, रो. विपिन गुप्ता और रो. रीना अग्रवाल द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर डॉ. सुभाष जैन ने बताया कि इन लड़कियों को भविष्य में अपना ब्यूटी पार्लर खोलने या किसी प्रतिष्ठित पार्लर में नौकरी पाने के लिए रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद स्मार्ट सिटी द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य इन लड़कियों को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाना है।


# फर्जी दस्तावेज से करोड़ों का टेंडर हासिल करने का मामला, दो लोगों पर एफआईआर दर्ज




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोदीनगर नगर पालिका में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का टेंडर फर्जी दस्तावेजों के सहारे हासिल करने के आरोप में गाजियाबाद पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नामजद आरोपियों में सलोनी और अमित शामिल हैं। शिकायतकर्ता प्रविन्द्र कुमार, निवासी नवयुग मार्केट गाजियाबाद, ने आरोप लगाया कि उनकी फर्म अन्नत वाटर सोल्यूशन के नाम पर फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र तैयार कर टेंडर लिया गया। उन्होंने कहा कि उनकी फर्म ने कभी कोई ऐसा प्रमाण पत्र जारी नहीं किया है और न ही सीवर ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़ा कोई अनुभव है।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि पालिका अधिकारियों को गुमराह कर करोड़ों रुपये की वित्तीय हानि पहुँचाई गई। प्रस्तुत किए गए सभी दस्तावेज कूटरचित और जाली बताए गए हैं, जिन पर न तो शिकायतकर्ता और न ही उनकी फर्म के किसी कर्मचारी के हस्ताक्षर हैं। एफआईआर में यह भी आरोप है कि मुख्य अभियुक्त पहले भी जाली दस्तावेज तैयार करने में संलिप्त रहा है। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि आरोपी उन्हें नुकसान पहुँचा सकते हैं और झूठे मुकदमों में फँसाने का प्रयास कर सकते हैं। इस मामले में मोदीनगर थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धाराओं 318(4), 338, 336(3) और 340(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच की जिम्मेदारी सब-इंस्पेक्टर अनुज कुमार को सौंपी गई है।

# आरकेजीआईटी गाज़ियाबाद में इंटरनल स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2025 का सफल आयोजन

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** राज कुमार गोयल प्रौद्योगिकी संस्थान (आरकेजीआईटी) में इंटरनल स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2025 का सफल आयोजन उत्साह और ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में संस्थान के 126 टीमों के 750 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। यह हैकाथॉन छात्रों को राष्ट्रीय एसआईएच 2025 के विषयों के अनुरूप नवाचार, समस्या-समाधान और अंतःविषय सहयोग के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर, निदेशक प्रो. (डॉ.) बी.सी. शर्मा ने छात्रों को वास्तविक जीवन की समस्याओं के लिए रचनात्मक समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नवीन सोच अपनाने और अपने सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक समाधानों में बदलने का आह्वान किया। डीन अकादमिक डॉ. आर.के. यादव, डीन प्रत्यायन डॉ. रामेंद्र सिंह, डीन ईआईआई डॉ. पुनीत श्रीवास्तव और डीन छात्र कल्याण एच.जी. गर्ग ने भी छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

एसपीओसी-एसआईएच डॉ. पवन गोयल ने बताया कि गहन मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद, 50 टीमों का चयन किया गया है। ये चयनित टीमें अब राष्ट्रीय स्तर पर आरकेजीआईटी का प्रतिनिधित्व करेंगी। निर्णायक मंडल और संरक्षकों ने प्रतिभागियों को उनके विचारों को व्यवहारिक, उपयोगी और मापनीय बनाने के लिए मूल्यवान मार्गदर्शन प्रदान किया।

आयोजन की सफलता पर, वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर प्रो. (डॉ.) लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) डी.के. चौहान और निदेशक प्रो. (डॉ.) बी.सी. शर्मा ने विभागाध्यक्षों, संकाय समन्वयकों और आईआईसी-आरकेजीआईटी की पूरी टीम को बधाई दी। यह आयोजन आरकेजीआईटी में नवाचार और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# 'रामलीला के मंचन पर जिलाधिकारी सख्त महिलाओं व दर्शकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता'



### स्पष्ट निर्देश

- रावण दहन के समय आसपास की विद्युत तारें हटाई जाएं
- नगर निकाय सफाई और शौचालय व्यवस्था दुरुस्त रखें
- मदिरा दुकानों के बाहर शराब सेवन करने वालों पर कार्रवाई हो
- डीजे की आवाज और ऊँचाई नियमों के भीतर ही रहे

### त्योहार में कोई खलल नहीं

डीएम ने चेतावनी देते हुए कहा, रामलीला और दशहरे का पर्व लोगों की आस्था से जुड़ा है, ऐसे में सुरक्षा और सुविधा में किसी तरह की चूक अस्वीकार्य होगी।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दशहरे की गहमागहमी और रामलीला मंचन की रौनक को देखते हुए ज़िला प्रशासन ने कमर कस ली है। महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह साफ कर दिया गया कि दर्शकों की सुरक्षा और सुविधा से जुड़ी किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**सुरक्षा पर पैनी नजर :** डीएम ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों में होने वाले रामलीला आयोजनों की पूरी जानकारी रखें। समिति पदाधिकारियों से समन्वय कर सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश, फायर सुरक्षा और यातायात की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएं। उन्होंने खास तौर पर कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस, सिविल डिफेंस और आयोजनकताओं को विशेष चौकसी रखनी होगी। बैठक में एडीएम ई रणविजय सिंह, डीसीपी सुरेन्द्र नाथ तिवारी, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष उपाध्याय, एसडीएम लोनी दीपक सिंघनवाल, एसडीएम सदर अरुण दीक्षित, एसडीएम मोदीनगर अजीत सिंह, आईएएस अयान जैन, अपर नगर आयुक्त, डीडीओ प्रज्ञा श्रीवास्तवा, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, एसीएमओ डॉ. अमित विक्रम सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# जीएसटी सुधारों से व्यापारियों को मिला राहत का रास्ता : सांसद अतुल गर्ग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** किराना मंडी रामनगर में मंगलवार को सांसद अतुल गर्ग ने व्यापारियों से संवाद कर जीएसटी सुधारों पर चर्चा की। इस दौरान मंडी गूंज उठी जब व्यापारियों ने नारे लगाए, 'घटी जीएसटी - बढ़ा व्यापार, धन्यवाद मोदी सरकार।' सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि हाल के जीएसटी सुधारों से छोटे और मध्यम वर्गीय व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। टैक्स प्रणाली अब और सरल एवं पारदर्शी हो गई है, जिससे व्यापारी निश्चिंत होकर व्यापार कर पा रहे हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि भाजपा सरकार सदैव व्यापारियों और उपभोक्ताओं के हित में फैसले लेती है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों से व्यापार सुगमता के साथ आगे बढ़ रहा है और उपभोक्ताओं को भी इसका सीधा लाभ मिल रहा है।

किराना मंडी अध्यक्ष संजय गर्ग ने मोदी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि जीएसटी दरों में कमी से व्यापारियों को राहत मिली है और यह कदम अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देगा। कार्यक्रम में व्यापारियों ने सांसद अतुल गर्ग को पुष्प भेंट कर स्वागत किया। सांसद ने सभी को नवरात्र एवं दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर अतुल गर्ग, मयंक गोयल, राजेश त्यागी, नीरज गोयल, वरुण नागर, संजय गर्ग, राजेंद्र मित्तल (मेहदी वाले), देवेंद्र हितकारी, अनुज मित्तल, राम त्यागी, सुधीर त्यागी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस का विशेष अभियान

## काली फिल्म, अवैध सायरन-हूटर और फर्जी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर बड़ी कार्रवाई







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर गाजियाबाद यातायात पुलिस ने मंगलवार को विशेष अभियान चलाया । इस दौरान काली फिल्म, अवैध लाल/नीली बत्ती, हूटर, प्रेशर हॉर्न, बिना नंबर प्लेट व अवैध नंबर प्लेट और शासकीय पदनाम/जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### अभियान की प्रमुख कार्रवाई

**इस दौरान पुलिस ने**

- कुल चालान किए गए वाहन : 1,340
- ब्लैक फिल्म के चालान : 168
- हूटर के चालान : 19
- प्रेशर हॉर्न के चालान : 19
- बिना नंबर/अवैध नंबर प्लेट के चालान : 186
- शासकीय/जातिसूचक लिखे वाहनों के चालान : 24
- सीज किए गए वाहन : 09

अभियान के दौरान स्वयं एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद व सभी सहायक पुलिस आयुक्त (यातायात) ने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर कार्रवाई की निगरानी की। कुल 103 स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

### पुलिस की जनता से अपील

**करंट क्राइम :** यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोटर वाहन अधिनियम और सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें। अवैध उपकरणों या सज्जाओं का प्रयोग न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि सड़क पर दूसरों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है।

# जीएसटी सुधारों से व्यापारियों को मिला राहत का रास्ता : विधायक अजीत पाल त्यागी





**गाजियाबाद(करंट क्राइम)।** मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जीएसटी में निरंतर सुधार किए जा रहे हैं, जिसका सबसे बड़ा लाभ छोटे और मध्यम व्यापारियों को मिल रहा है। उन्होंने मंगलवार को राजनगर सेक्टर-10 मार्केट में व्यापारियों से मुलाकात के दौरान कहा कि अब टैक्स प्रणाली अधिक सरल और पारदर्शी हो गई है। इससे व्यापारियों पर अनावश्यक बोझ कम हुआ है और ईमानदार व्यापारी निश्चिंत होकर व्यापार कर पा रहे हैं। भाजपा सरकार का लक्ष्य है कि व्यापारी चैन से व्यापार करें और उपभोक्ताओं को सीधा लाभ पहुँचे। इस मौके पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, नीरज त्यागी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और व्यापारी उपस्थित रहे।

राजनगर सेक्टर-10 व्यापार मंडल अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने विधायक और टीम का स्वागत करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने जीएसटी दरों में कमी कर व्यापारियों को बड़ी राहत दी है। यह कदम व्यापार और अर्थव्यवस्था दोनों को मजबूती देगा।

कार्यक्रम में विनीत शर्मा, प्रदीप चौधरी, कपिल वशिष्ठ, गोल्डी सहगल, अनिल अरोरा, मानिक नागर, श्रीचन्द चौहान, जे.पी. राणा, आर.सी. शर्मा, संजीव गुप्ता, हरीश राजौरा, अंकित त्यागी, नवीन पंडित, मनोज सिंह, प्रदीप गुप्ता, गणेश सिंह, कुलदीप चौधरी सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भ्रमण से पूर्व विधायक अजीत पाल त्यागी ने गुरुद्वारा जाकर मत्था टेका और अरदास की। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष एस.एस. पुरी ने पटका पहनाकर विधायक और भाजपा पदाधिकारियों का स्वागत किया।

# जीएसटी की दरों में कमी पर संजीव गुप्ता ने मोदी सरकार का किया धन्यवाद



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मंगलवार को भाजपा महानगर कार्यालय में जीएसटी की दरों में कमी को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की। चर्चा के दौरान यह तय किया गया कि मोदी सरकार के इस फैसले का संदेश शहर के बाजारों और व्यापारियों तक पहुँचाया जाएगा।



समरकूल ग्रुप के चेयरमैन एवं भाजपा महानगर कोषाध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी जी देश को एक परिवार मानकर दिन-रात जनता के हितों के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी कर मोदी जी ने देशवासियों को दीपावली का उपहार पहले ही दे दिया है। गुप्ता ने विश्वास जताया कि इस फैसले से व्यापार और अर्थव्यवस्था दोनों को गति मिलेगी तथा उपभोक्ताओं को भी सीधे लाभ मिलेगा।

# बढ़े हुए गृह कर के विरोध में सामाजिक संगठन, आरडब्लूए, व्यापारी संगठन एवं एनजीओ से जुड़े लोग 4 अक्टूबर से नगर निगम पर करेंगे सत्याग्रह




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** डीएम सर्किल रेट से गृह कर लेने के विरोध में सामाजिक संगठन, आरडब्लूए और एनजीओ और व्यापारिक संगठन 4 अक्टूबर को नगर निगम पर सत्याग्रह करेंगे। यह जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता भूपेंद्र नाथ ने दी है। उन्होंने कहा कि तमाम प्रयासों के बाद भी नगर निगम द्वारा गृह कर में की गई भारी बढ़ोतरी को वापस नहीं लिया जा रहा है। नगर निगम ने 300 से 400 गुना गृह कर में बढ़ोतरी कर आम लोगों की कमर तोड़ने का काम किया है। आज सभी सोसाइटी में इसका विरोध हो रहा है। सभी सोसाइटी के गेटों पर नगर निगम के इस फैसले के विरोध में बैनर पोस्टर लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों सामाजिक संगठनों एनजीओ और आवासीय समितियां की बैठक में निर्णय लिया गया कि चार अक्टूबर को नगर निगम के मुख्यालय पर सत्याग्रह किया जाएगा। इसके तहत सामाजिक संगठनों और आरडब्ल्यूए के सदस्य एक-एक दिन सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक उपवास पर बैठेंगे। यह सत्याग्रह तब तक चलेगा जब तक गृह कर में बढ़ोतरी को वापस नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी संगठनों ने यह ठान लिया कि गृह कर में की गई बढ़ोतरी को वापस लेना ही होगा।

भूपेंद्र नाथ ने कहा कि जब नगर निगम के पार्षद गृह कर को वापस करवाने में असमर्थ साबित हो रहे हैं तो सामाजिक संगठन आगे आ रहे हैं। नगर निगम में भाजपा का बहुमत है। भाजपा की मेयर है लेकिन भाजपा के पार्षद गृह कर में वृद्धि को वापस करवाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। जिस कारण नगर निगम की नियत पर शक होना लाजमी है। पार्षद नगर निगम के अधिकारियों पर दबाव बनाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। ऐसा लगता है कि पार्षदों का भी नगर निगम अधिकारियों के साथ मिली भगत है।

# एमएलसी शिक्षक चुनाव को लेकर शिक्षण संस्थान की बैठक सम्पन्न






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन एवं शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ, पश्चिम क्षेत्र उत्तर प्रदेश की संयुक्त बैठक ईस्ट दिल्ली पब्लिक स्कूल, प्रताप विहार में आयोजित हुई। बैठक में आगामी एमएलसी शिक्षक चुनाव को लेकर रणनीति तय की गई।

वक्ताओं ने कहा कि पब्लिक स्कूलों का वोटर अनुशासित और जागरूक होता है, इसलिए विद्यालयों में अधिक से अधिक वोट बनवाने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में पायलट राकेश त्यागी की भूमिका की सराहना करते हुए यह सुझाव रखा गया कि उन्हें भाजपा से एमएलसी शिक्षक प्रत्याशी बनाया जाए, ताकि पब्लिक स्कूलों को सदन में प्रतिनिधित्व मिल सके और शिक्षा से जुड़े मुद्दे उठाए जा सकें। बैठक में शिक्षकों के वोट बनवाने से जुड़े प्रपत्र भी वितरित किए गए।

## जीएसटी छूट से देश की अर्थव्यवस्था और तेजी से दौड़ेगी : विधायक संजीव शर्मा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रताप विहार में आयोजित व्यापारियों की बैठक में शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि हाल ही में लागू हुए जीएसटी रिफॉर्म्स देश की अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार देंगे। उन्होंने कहा कि इस सुधार से न केवल व्यापारियों को राहत मिलेगी, बल्कि मजदूर, किसान, युवा, गृहिणी, उद्यमी और मध्यम वर्ग सभी को फायदा होगा।

बैठक में विधायक ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म लागू होने के साथ ही 'बचत उत्सव' की शुरूआत हो गई है। दीपावली पर्व अब और अधिक रंगीन और आकर्षक बनेगा तथा देशवासियों के जीवन में नए उजाले का संचार करेगा। संजीव शर्मा ने बताया कि अब जीएसटी में मुख्य रूप से सिर्फ दो स्लैब होंगे। रोजमर्रा की जरूरी चीजें जैसे भोजन सामग्री, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट आदि या तो टैक्स फ्री होंगी या फिर 5 प्रतिशत की सबसे कम स्लैब में आएंगी। इससे आम लोगों की जेब पर बोझ घटेगा और खपत बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि बिक्री बढ़ने से उत्पादन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और देश की अर्थव्यवस्था और अधिक तेजी से आगे बढ़ेगी। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी पूरा होगा। विधायक ने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में भारत न केवल विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा बल्कि सबसे शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में भी स्थापित होगा।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा की क्षेत्रीय पदाधिकारी मोनिका पंडिता ने महिला कार्यकर्तओं की भागीदारी और उनके सम्मान की आवाज उठाई। उन्होंने लिखा कि संगठन में महिला कार्यकर्ता का सम्मान, उनकी भूमिका का उचित मूल्यांकन ही असली सशक्तिकरण है। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# पहल पोर्टल की सुस्ती पर उपाध्यक्ष नाराज, समिति गठित

## अब होगी जोनवार कार्यप्रणाली की समीक्षा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के 'पहल पोर्टल' की धीमी प्रगति को लेकर प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने कड़ा रुख अपनाया है। मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने डेटा अपडेट की रफ्तार पर असंतोष जताते हुए कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**समिति गठित, बदलेगी कार्यप्रणाली :** बैठक में उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि लिपिकों की तैनाती भवन, भूखंड या व्यवसायिक अनुभागों के आधार पर नहीं की जाए, बल्कि इसे जोनवार अथवा स्कीमवार विभाजित किया जाए। इसके लिए एक समिति का गठन कर दिया गया है, जो दो दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। बड़े प्रोजेक्ट्स में पॉकेटवार लिपिक तैनाती पर भी विचार किया जाएगा, ताकि काम में पारदर्शिता लाई जा सके।

**डिफाल्टरों को नोटिस :** बैठक के दौरान यह भी तय किया गया कि पोर्टल अपडेट के दौरान जो भी डिफाल्टर सामने आएंगे, उन्हें तुरंत नोटिस जारी किया जाए। साथ ही सुपरवाइजर यह सत्यापित करेंगे कि जिस संपत्ति पर नाम दर्ज है, वास्तव में वही परिवार रह रहा है या कोई अन्य। यदि अंतर पाया गया तो संबंधित परिवार को रिकॉर्ड म्यूटेशन के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**वेतन रोकने की चेतावनी :** प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने साफ कहा कि यदि अधिकारी/कर्मचारी निर्देशानुसार प्रगति नहीं दिखाते हैं तो उनके वेतन रोकने तक की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इस प्रक्रिया से प्राधिकरण को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा, जिसे पहल पोर्टल को और सशक्त व प्रभावी बनाने में खर्च किया जाएगा।

# राज्य कर विभाग ने तुराब नगर में लगाया जागरूकता शिविर

## जीएसटी की दरों में हुए बदलाव की दी जानकारी





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राज्य कर विभाग ने व्यापारियों के लिए मंगली होजरी तुराब नगर में जागरूकता शिविर लगाया गया । राज्य कर विभाग के एडिशनल कमिश्नर मानवेंद्र सिंह, सहायक आयुक्त विपिन शुक्ला, एवं राज्य कर अधिकारी मयंक द्वारा व्यापारियों को जी एस टी में हुए बदलाव की जानकारी दी गई

एडिशनल कमिश्नर राज्य कर विभाग मानवेंद्र सिंह द्वारा केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी के दरों में दी गई छूट के बारे में विस्तार से बताया गया हुए बताया गया कि इससे आम जरूरत की ज्यादातर वस्तुएं अब काफी सस्ती हो जाएंगी जिन वस्तुओं पर दरें कम की गई है वो सभी हम सब के रोज के दिनचर्या में काम आने वाली आवश्यक वस्तुएं है। दरो में बदलाव आने से व्यापारियों को कोई आर्थिक नुकसान नहीं होगा बल्कि उनकी बिक्री बढ़ेगी तथा ग्राहकों की क्रय शक्ति में बढ़ोतरी होगी। तुराब नगर व्यापार मंडल के चेयरमैन रजनीश बंसल ने व्यापारियों की शंकाओं को अधिकारियों के समक्ष रखा गया जिनका निराकरण राज्य कर अधिकारियों द्वारा किया गया । व्यापारियों के सामने आने वाली कठिनाइयों को भी अधिकारियों के समक्ष रखते हुए रजनीश बंसल ने कठिनाइयों का निराकरण करने की मांग की जिस पर अधिकारियों ने उनके तुरंत समाधान का आश्वासन दिया।

शिविर में तुराब नगर व्यापार मण्डल के चेयरमैन रजनीश बंसल, संजय गोयल गद्दे वाले, सचिन शर्मा, बंटी, नितिन गोयल, अरविंद शर्मा, अशोक गोयल, गोपाल गर्ग, मेहता जी, मयंक, धर्मपाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# यूक्रेन पर रूस का भीषण हमला

## मिसाइल-ड्रोन हमलों से बढ़ा तनाव



**यूक्रेन ।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध ने एक बार फिर हिंसक मोड़ ले लिया है। रूस ने दावा किया है कि उसने मास्को की ओर बढ़ रहे 40 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए, वहीं यूक्रेन ने कहा कि रूसी मिसाइल, ड्रोन और बम हमलों में कम से कम दो नागरिकों की मौत हुई है। इसी बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की न्यूयॉर्क में आयोजित संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने देश के लिए समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। लगातार तीन साल से ज्यादा समय से रूस के बड़े आक्रमण का सामना कर रहे यूक्रेनी सैनिकों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। जेलेंस्की इस हफ्ते न्यूयॉर्क में वैश्विक नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। ट्रंप, जो मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति हैं, उनके मध्यस्थता प्रयास ठप पड़ गए हैं। अलास्का में पुतिन और ट्रंप की मुलाकात तथा व्हाइट हाउस में जेलेंस्की के साथ वार्ता के बाद भी युद्ध जारी है।

अमेरिकी सहयोग पर चर्चा जेलेंस्की ने बताया कि उन्होंने ट्रंप के विशेष दूत कीथ केलॉग से न्यूयॉर्क में मुलाकात की। इस बैठक में अमेरिकी हथियारों की खरीद और ड्रोन निर्माण में सहयोग पर चर्चा हुई। जेलेंस्की ने कहा कि यह सहयोग यूक्रेन को युद्ध में तकनीकी बढ़त दिला सकता है।

यूरोप और नाटो की चिंता यूरोपीय देशों ने जेलेंस्की की कूटनीतिक कोशिशों का समर्थन किया है। हालांकि, इस्राइल-हमास युद्ध भी संयुक्त राष्ट्र में मुख्य मुद्दा बना हुआ है। एस्टोनिया ने रूसी लड़ाकू विमानों के उसकी हवाई सीमा में घुसने की शिकायत की है, जिस पर नाटो ने औपचारिक चर्चा बुलाई है। यूरोप को डर है कि रूस की उकसाहट से यह संघर्ष और फैल सकता है।

रूस-यूक्रेन में बढ़ते हमले यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि रूस ने रातभर में तीन इस्कंदर बैलिस्टिक मिसाइलें और 115 ड्रोन दागे, जिनमें से 103 को मार गिराया गया। बाकी ड्रोन और मिसाइलों ने छह अलग-अलग जगहों पर हमला किया। जापोरिज्जिया शहर पर पांच ग्लाइड बम गिराए गए, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई। ओडेसा क्षेत्र के टाटारबुनारी कस्बे में मिसाइल हमले से एक महिला की जान गई।

# ट्रंप के एजेंसियों पर नियंत्रण का विवाद अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट 90 साल पुराने फैसले की करेगा समीक्षा



**अमेरिकी ।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक ऐतिहासिक निर्णय में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को स्वतंत्र संघीय एजेंसियों पर ज्यादा नियंत्रण देने का रास्ता खोल दिया। इसके तहत कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए ट्रंप को फेडरल ट्रेड कमीशन (एफटीएस) की डेमोक्रेटिक सदस्य रेबेका स्लॉटर को पद से हटाने की अनुमति दे दी है। हालांकि यह मामला अभी पूरी तरह निपटा नहीं है। ऐसे में कोर्ट के कंजरवेटिव जजों ने ट्रंप के पक्ष में फैसला दिया, जबकि जस्टिस एलेना केगन, सोनिया सोतोमेयर और केतानजी ब्राउन जैक्सन ने इसका विरोध किया। समझिए क्या है पूरा मामला बता दें कि सुप्रीम कोर्ट अब विचार कर रही है कि 1935 में दिए गए अपने ऐतिहासिक फैसले को पलटा जाए या नहीं। उस फैसले में कोर्ट ने कहा था कि स्वतंत्र एजेंसियों के कमिश्नरों को सिर्फ दुराचार या लापरवाही की स्थिति में ही राष्ट्रपति हटा सकते हैं। इससे इन एजेंसियों को कार्यपालिका से अलग एक स्वायत्त पहचान मिली थी। अब ऐसे में ट्रंप प्रशासन का तर्क है कि राष्ट्रपति को अपने एजेंडे को लागू करने के लिए इन एजेंसियों पर पूरा नियंत्रण होना चाहिए, यानी वे इन बोर्ड सदस्यों को किसी भी कारण से हटा सकें। ऐसे में अगर सुप्रीम कोर्ट 1935 के फैसले को पलटती है, तो अमेरिका की कई स्वतंत्र संस्थाएं जैसे श्रम, उपभोक्ता संरक्षण और संघीय कर्मचारियों के अधिकारों से जुड़ी एजेंसियां राष्ट्रपति के सीधे नियंत्रण में आ जाएंगी। इससे कार्यपालिका की शक्ति काफी बढ़ जाएगी और इन एजेंसियों की स्वतंत्रता पर बड़ा असर पड़ेगा। क्या रहा विरोध में खड़े जजों का तर्क हालांकि दूसरी ओर इस फैसले के विरोध में रहने वाली जस्टिस केगन ने अपने असहमति पत्र में लिखा कि सभी मानते हैं कि कांग्रेस ने इन अधिकारियों को हटाने पर रोक लगाई थी। फिर भी बहुमत ने धीरे-धीरे सभी एजेंसियों पर राष्ट्रपति का पूरा नियंत्रण सौंप दिया है। वहीं स्लॉटर की ओर से वकीलों ने दलील दी कि अगर राष्ट्रपति को ऐसी खुली छूट मिलती है, तो राजनीतिक दबाव में फैसले लिए जाएंगे, ना कि विशेषज्ञता के आधार पर। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति को नई शक्तियां देनी हैं, तो यह फैसला जनप्रतिनिधियों यानी कांग्रेस को लेना चाहिए। इस फैसले का क्या होगा अन्य एजेंसियों पर असर यह मामला सिर्फ एफटीसी तक सीमित नहीं है। नेशनल लेबर रिलेशंस बोर्ड (एनएलआरबी) और मेरिट सिस्टम्स प्रोटेक्शन बोर्ड (एमएसपीबी) की सदस्य ग्विन विलकॉक्स और कैथी हैरिस को भी राष्ट्रपति द्वारा हटाए जाने की अनुमति सुप्रीम कोर्ट पहले ही दे चुका है।

# डेनमार्क के बाद नॉर्वे के ओस्लो एयरपोर्ट के ऊपर उड़ान भरते देखे गए ड्रोन, घंटों बाधित रहे एयरस्पेस




**वॉशिंगटन ।** पोलैंड और एस्टोनिया में संदिग्ध रूसी ड्रोन्स देखे जाने के बाद यूरोप में चिंता का माहौल है। इस बीच डेनमार्क की राजधानी कोपनहेगन में सोमवार देर रात कुछ ड्रोन्स देखे जाने के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस और एयरपोर्ट अधिकारियों ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि ड्रोन्स देखे जाने के बाद 15 से ज्यादा उड़ानों का मार्ग बदला गया। इस बीच सोमवार देर रात ही नॉर्वे के ओस्लो हवाई अड्डे के पास भी एक ड्रोन के देखे जाने की खबरें आई हैं, जिसके चलते एयरपोर्ट के ऊपर पूरे हवाई क्षेत्र को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, डेनमार्क के एयरपोर्ट के ऊपर सोमवार को दो से तीन बड़े ड्रोन्स देखे गए। अभी यह साफ नहीं है कि यह ड्रोन्स किस तरह के थे या कहां से भेजे गए थे। हालांकि, इनकी पहचान होते ही फ्लाइट्स की तुरंत लैंडिंग करा ली गई और उड़ान भरने जा रहे विमानों का टेकऑफ रोक दिया गया। कुछ अन्य विमानों को दूसरे एयरपोर्ट डायवर्ट कर दिया गया।

**पोलैंड और एस्टोनिया में संदिग्ध रूसी ड्रोन्स देखे जाने के बाद यूरोप में चिंता का माहौल है। इस बीच डेनमार्क की राजधानी कोपनहेगन में सोमवार देर रात कुछ ड्रोन्स देखे जाने के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस और एयरपोर्ट अधिकारियों ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि ड्रोन्स देखे जाने के बाद 15 से ज्यादा उड़ानों का मार्ग बदला गया**

# विपक्ष के नेतृत्व वाली नगरपालिकाओं पर अर्दोआन सरकार का वार



**अंकारा ।** तुर्किये की राजधानी अंकारा में नगरपालिका की तरफ से आयोजित 'कॉन्सर्ट' कार्यक्रमों में कथित भ्रष्टाचार की जांच के तहत मंगलवार को 13 लोगों को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिए गए लोगों में पूर्व नगरपालिका कर्मी और निजी इवेंट कंपनियों के मालिक शामिल हैं। उन पर सार्वजनिक पद का दुरुपयोग और सार्वजनिक टेंडर में हेरफेर करने का आरोप है। अंकारा के मुख्य अभियोजक के दफ्तर के बयान के मुताबिक, ₹संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और मामले की जांच जारी है। इस पूरी जांच का केंद्र 2021 से 2024 तक आयोजित 32 कॉन्सर्ट हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन कार्यक्रमों के आयोजन की वजह से 15.4 करोड़ लीरा (लगभग 37 लाख अमेरिकी डॉलर) का वित्तीय नुकसान हुआ। यह जानकारी तुर्की के गृह मंत्रालय, वित्तीय अपराध जांच बोर्ड और कोर्ट ऑफ अकाउंट्स की रिपोर्ट्स में दी गई है।

बयान में कहा गया है कि यह मामला विपक्षी पार्टी रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी (सीएचपी) द्वारा संचालित नगरपालिकाओं में भ्रष्टाचार की जांचों की एक श्रृंखला का हिस्सा है। विपक्ष और सरकार के बीच शुरू हुआ विवाद विपक्षी सीएचपी ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि यह राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं। इनका उद्देश्य राष्ट्रपति रजब तैयब अर्दोआन की सरकार द्वारा न्यायिक माध्यम से विपक्ष को कमजोर करना है। सीएचपी ने इस मुद्दे पर कहा, ₹सरकार का उद्देश्य विपक्ष को बदनाम करना है।

# भारत की पहली विदेशी डिफेंस यूनिट शुरू राजनाथ बोले मेक इन इंडिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड पर कर रहे काम



**वॉशिंगटन ।** भारत ने रक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए मोरक्को के बेररेशिद में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड की पहली विदेशी रक्षा निर्माण इकाई का उद्घाटन किया है। यह भारत का रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में पहला ओवरसीज प्लांट है। इस सुविधा को औपचारिक रूप से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने मोरक्को दौरे के दौरान शुरू किया।

राजनाथ सिंह ने उद्घाटन समारोह में कहा कि भारत सिर्फ मेक इन इंडिया तक सीमित नहीं है। अब हम मेक विद फ्रेंड्स और मेक फॉर द वर्ल्ड के विजन पर काम कर रहे हैं। इसका उद्देश्य विश्वसनीय साझेदारों के साथ मिलकर अत्याधुनिक तकनीक का विकास करना और वैश्विक शांति व क्षमता निर्माण में योगदान देना है। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी संप्रभुता का सम्मान करती है और स्थानीय क्षमता को मजबूत करती है।

भारत का पहला विदेशी रक्षा उत्पादन केंद्र टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स मोरक्को को खासतौर पर व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म्स के उत्पादन पर केंद्रित किया गया है। यह भारत का पहला ओवरसीज डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारत के रक्षा निर्यात को नई दिशा देगा और अफ्रीका समेत वैश्विक बाजार में भारत की स्थिति को मजबूत करेगा।

भारत-मोरक्को रक्षा साझेदारी का नया अध्याय यह दौरा ऐतिहासिक माना जा रहा है क्योंकि यह पहली बार है जब कोई भारतीय रक्षा मंत्री उत्तरी अफ्रीका के इस देश का दौरा कर रहा है। राजनाथ सिंह की इस यात्रा से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को नई गति मिलने की उम्मीद है।

रक्षा निर्यात में भारत का बढ़ता कदम भारत लंबे समय से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और निर्यात को बढ़ावा देने पर जोर दे रहा है।

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की इस नई पहल को इसी रणनीति का अहम हिस्सा बताया जा रहा है। यह फैक्ट्री स्थानीय मांग को पूरा करने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्नत प्लेटफॉर्म मुहैया कराएगी।

# हमास ने फलस्तीनियों को सरेआम मौत के घाट उतारा भीड़ करती रही नारेबाजी, इस्राइल की मदद का था आरोप



**गाजा ।** फलस्तीन के गाजा और वेस्ट बैंक में इस्राइल की तरफ से जारी हमलों के बीच कट्टरपंथी संगठन हमास से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया गया है कि हमास ने रविवार को तीन फलस्तीनी नागरिकों को सरेआम सड़क पर मौत के घाट उतार दिया। जिन लोगों की जान ली गई है, उन पर इस्राइल की मदद करने का आरोप था।

हमास से संबंधित टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट किए गए इस वीडियो में तीन लोगों को सड़क पर घुटने के बल बैठे देखा जा सकता है। उनकी आंखों पर पट्टी बंधी हुई है, जबकि उनके पीछे तीन बंदूकधारी ऑटोमैटिक बंदूकें लेकर खड़े हैं। इस दौरान बंदूक लिए एक व्यक्ति अरबी में तीनों की मौत का आदेश पढ़ता है।

मध्य पूर्व रिपोर्टिंग और विश्लेषण से जुड़ी समिति ने ब्रिटिश अखबार टेलीग्राफ को जो जानकारी उपलब्ध कराई, उसके मुताबिक हमास के लड़ाकों ने कहा, ₹फलस्तीनी क्रांतिकारी कानून की सामग्री के अनुसार और फलस्तीनी क्रांतिकारी अदालत के आधार पर, उन लोगों के खिलाफ मौत की सजा का फैसला किया गया था जिन्होंने मातृभूमि को धोखा दिया, अपने लोगों को धोखा दिया और अपने उद्देश्य को धोखा दिया, और अपने ही लोगों को मारने के लिए कब्जा करने वालों के साथ हाथ मिलाया।

बताया गया है कि तीनों लोगों को सिर पर और शरीर के ऊपरी हिस्से में गोलियां मारी गईं। इसके बाद उनके शव पर कुछ कागज चिपकाए गए, जिनमें अरबी में लिखा था, ₹तुम्हारा धोखा बिना सजा के नहीं होगा। एक कठोर सजा तुम्हारा इंतजार कर रही है।

हमास के गृह मंत्रालय ने मारे गए तीनों लोगों पर इस्राइल से मिले होने का आरोप लगाया। दूसरी तरफ इस्राइली अखबार इस्राइल हयोम ने कहा कि इस्लामिक जिहाद और मुजाहिद्दीन ब्रिगेड्स ने इस हत्या में भूमिका निभाई।

गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब हमास ने फलस्तीन के ही नागरिकों के खिलाफ बर्बरता की है। इससे पहले मई में भी हमास के लड़ाकों ने छह फलस्तीनियों को सरेआम मौत की सजा दी थी। इन पर तब मानवीय सहायता के तौर पर भेजे गए सामान की लूट का आरोप लगा था। 13 अन्य लोगों को उनके पैर पर गोली मारकर सजा दी गई थी।

# हनुमान जी की प्रतिमा को लेकर रिपब्लिकन नेता के बयान पर बवाल, स्टैच्यू ऑफ यूनियन को लेकर की थी ये टिप्पणी





**अमेरिका ।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में मौजूद 90 फुट ऊंची भगवान हनुमान की प्रतिमा को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। यह प्रतिमा, जिसे 'स्टैच्यू ऑफ यूनियन' कहा जाता है, 2024 में अनावरण की गई थी और यह अमेरिका की तीसरी सबसे ऊंची प्रतिमा है। इसे श्री चिन्नजीयर स्वामीजी की परिकल्पना में बनाया गया था और यह टेक्सास के श्री अष्टलक्ष्मी मंदिर परिसर में मौजूद है। कैसे शुरू हुआ विवाद विवाद तब शुरू हुआ जब टेक्सास के रिपब्लिकन नेता अलेक्जेंडर डंकन, जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पार्टी से जुड़े हैं और सीनेट चुनाव लड़ रहे हैं, ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस प्रतिमा को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की। डंकन ने पोस्ट में लिखा, 'हम एक क्रिश्चियन (ईसाई) राष्ट्र हैं। हम टेक्सास में झूठे हिंदू भगवान की झूठी प्रतिमा को क्यों अनुमति दे रहे हैं?' इसके साथ ही उन्होंने प्रतिमा का वीडियो भी साझा किया। डंकन यहीं नहीं रुके, एक अन्य पोस्ट में उन्होंने बाइबल का हवाला देते हुए लिखा, 'तुम्हें मेरे अलावा किसी और ईश्वर की पूजा नहीं करनी चाहिए। तुम अपने लिए किसी प्रकार की मूर्ति या स्वर्ग, धरती या समुद्र में किसी भी वस्तु की प्रतिमा नहीं बनाओ।' यह उद्धरण एक्सोड्यूस 20:3-4 से लिया गया था।

डंकन के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया डंकन की इस टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर भारी आलोचना शुरू हो गई। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने उनके बयान को हिंदू विरोधी और भड़काऊ करार दिया। संगठन ने औपचारिक रूप से टेक्सास रिपब्लिकन पार्टी से शिकायत दर्ज कराई और मांग की कि पार्टी अपने नेता के खिलाफ कार्रवाई करे। एचएएफ ने 'एक्स' पर लिखा, 'क्या टेक्सास की रिपब्लिकन पार्टी अपने उस सीनेट उम्मीदवार के खिलाफ अनुशासनात्मक कदम उठाएगी, जिसने खुलेआम आपके ही भेदभाव-विरोधी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया है।

**अमेरिका के टेक्सास राज्य में मौजूद 90 फुट ऊंची भगवान हनुमान की प्रतिमा को लेकर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। यह प्रतिमा, जिसे 'स्टैच्यू ऑफ यूनियन' कहा जाता है, 2024 में अनावरण की गई थी और यह अमेरिका की तीसरी सबसे ऊंची प्रतिमा है। इसे श्री चिन्नजीयर स्वामीजी की परिकल्पना में बनाया गया था और यह टेक्सास के श्री अष्टलक्ष्मी मंदिर परिसर में मौजूद है**

# भारत-मोरक्को में रक्षा समझौते समुद्री सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी सहयोग पर रोडमैप हुआ तय



**मोरक्को ।** भारत और मोरक्को ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके मोरक्कन समकक्ष अब्देल्टिफ लौडिई के बीच हुई बातचीत के बाद सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने आतंकवाद-रोधी अभियान, समुद्री सुरक्षा, साइबर डिफेंस और शांति स्थापना अभियानों में सहयोग के लिए व्यापक रोडमैप पर सहमति जताई। वहीं, अधिकारियों ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन से द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए एक संस्थागत ढांचा तैयार होगा। इसमें आदान-प्रदान, प्रशिक्षण और औद्योगिक संबंध भी शामिल होंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देल्टिफ लौडिई के साथ मेरी बहुत अच्छी और उपयोगी बैठक हुई। हमने रक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। पिछले कुछ वर्षों में भारत और मोरक्को के संबंध उल्लेखनीय रूप से मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमने आतंकवाद विरोधी प्रयासों, समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और क्षमता निर्माण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। किई अहम समझौतों पर बनी बात इस समझौते से दोनों देशों के बीच सैन्य प्रशिक्षण, संयुक्त युद्धाभ्यास, रक्षा उद्योग में सहयोग और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में संस्थागत ढांचा तैयार करने पर साथ काम करेंगे पर सहमति बनी। वहीं, रक्षा मंत्रालय के इस वार्ता के बारे में जाकारी दी। उन्होंने कहा कि इस दौरान दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने भारत और मोरक्को की पुरानी दोस्ती को और मजबूत करने के साझा संकल्प को दशार्या। राबात स्थित भारतीय दूतावास गठित किया जाएगा नया रक्षा प्रकोष्ठ वार्ता के दौरान राजनाथ सिंह ने राबात स्थित भारतीय दूतावास में एक नए रक्षा प्रकोष्ठ के गठन की भी घोषणा की।

# महापौर ने ट्रांस हिण्डन क्षेत्र में 3 करोड़ 12 लाख के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

## कार्य की गुणवत्ता पर रहे विशेष ध्यान : महापौर

## इंदिरापुरम की खराब व्यवस्था को दूर करने पर हमारा विशेष ध्यान : महापौर






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ट्रांस हिण्डन क्षेत्र में महापौर सुनीता दयाल द्वारा 3 करोड़ 12 लाख के विकास कार्यो का शिलान्यास किया गया जिसमें-

- इंदिरापुरम में गौर ग्रीन विस्टा सोसाइटी से जी डी ए मार्किट त 100 मीटर की सीवर लाईन 600 एम एम व्यास की आर सी सी ठढ3 सीवर लाईन बिछाने के कार्य जिसकी लागत लगभग 2 करोड़ 95 लाख है।
- लाजपत नगर के ब्लॉक पार्क के चारो ओर इंटर लॉकिंग टायल्स लगाने का कार्य जिसकी लागत लगभग 17 लाख 40 हजार है।

उपरोक्त कार्यो को लिया गया है इन कार्यो की अति आवश्यकता होने के कारण अति शीघ्रता से कराया गया है क्योंकि इंदिरापुरम में नालो का कार्य चल रहा है और सड़कों का भी शुरू होगा और सड़क बनने के बाद सीवर लाइन का कार्य करने से नगर निगम की हानि हो सकती थी इसलिए अब उपरोक्त स्थल पर पहले सीवर का कार्य हो जाएगा फिर सड़क निर्माण और ऐसे ही लाजपत नगर के लॉक वासियों की सड़क की बहुत खराब स्थिति थी जिसको लेकर महापौर सुनीता दयाल ने बहुत समय पहले ही सड़क निर्माण के निर्देश दिए थे जिसमे निविदा की कार्यवाही उपरांत आज कार्य शुरू कराया गया है।

### शक्ति खण्ड11,3,4 व नीति खण्ड के सीवर की समस्या से निजात मिलेगी

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल द्वारा बताया गया है कि इंदिरापुरम हाल ही में नगर निगम को हस्तांतरित हुआ है और इंदिरापुरम की स्थिति बहुत ही खराब है इसलिए नगर निगम अपना पूरा ध्यान इंदिरापुरम की ओर संजोए हुए है एवं जितने कार्य वहाँ होंगे उनसे इंदिरापुरम की तसवीर बदल जाएगी और ऐसे ही यहाँ सीवर लाइन की समस्या के समाधान के लिए 2 करोड़ 95 लाख की लागत से कार्य शुरू किया गया है व लाजपत नगर में भी सड़क की स्थिति ठीक न होने के कारण सड़क निर्माण शुरू कराया है, इन दोनों कार्यो से स्थानीय जनता हो बहुत राहत मिलेगी और जनता के सभी लोग विकास कार्यो की गुणवत्ता का ध्यान रखे कही भी कार्य की गुणवत्ता ठीक न मिले तो तत्काल बताया जाए जिससे शहर में अच्छा कार्य हो सके। ई। दौरान मुख्य रूप से पार्षद धीरज अग्रवाल, पार्षद हरीश कराकोटी, पार्षद प्रमोद राघव,सहायक अभियंता शेषमणि यादव,अवर अभियंता मयंक मिश्रा, अवर अभियंता विनोद कुमार उपस्थित रहे।

# सांसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा ने मिशन शक्ति के मिशन को बढ़ाया आगे

## आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में मिशन शक्ति फेस 5.0 का आयोजन







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मंगलवार को पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त ग्रामीण के निर्देशन में एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल, थानाध्यक्ष वेव सिटी सर्वेश कुमार पाल, प्रभारी पिंक बूथ आध्यात्मिक नगर और थाना वेव सिटी पुलिस टीम ने आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में मिशन शक्ति फेस 5.0 के तहत महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

यह कार्यक्रम गैर सरकारी और गैर लाभकारी संस्था इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट 301 के साथ संयुक्त रूप से किया गया। संस्था पूरी तरह महिलाओं द्वारा संचालित है और महिला उत्थान व सशक्तिकरण के लिए देश-विदेश में कार्यरत है।

इस दौरान मिशन शक्ति से जुड़े पंपलेट वितरित किए गए। इनर व्हील की महिलाओं ने स्कूली बैग से विश्व का सबसे बड़ा लोगो तैयार किया और उन बैगों को गरीब बच्चों में निःशुल्क वितरित किया।

### सांसद अतुल गर्ग ने किया कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ

**करंट क्राइम :** कार्यक्रम में सांसद अतुल गर्ग और नगर विधायक संजीव शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। एसीपी प्रियाश्री पाल ने महिलाओं को मिशन शक्ति फेस 5.0, महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा योजनाओं और हेल्पलाइन नंबर 112, 1090 और पिंक बूथ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साइबर क्राइम से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई के लिए हेल्पलाइन 1930 की भी जानकारी दी गई।

# डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने किया कवि नगर रामलीला मेले और मैदान का निरीक्षण

## सिहानी गेट इलाके में की पैदल गश्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** त्यौहारी सीजन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डीजीपी उत्तर प्रदेश के निर्देश का असर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में भी नजर आया है। सोमवार को डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल पहले सिहानी गेट थानाक्षेत्र में एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे, थाना प्रभारी सिहानी गेट और पुलिस बल के साथ पेट्रोलिंग के लिए पैदल गश्त पर उतरे। तो इस दौरान संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की तलाशी ली गई और पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। वहीं कवि नगर रामलीला मैदान में आयोजित हो रही श्री धार्मिक रामलीला समिति कवि नगर का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रामलीला समिति कवि नगर के अध्यक्ष ललित जायसवाल और भूपेंद्र चौपड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों से मुलाकात की। यहां एसीपी कवि नगर सूर्य बली मोर्य के साथ रामलीला मैदान, भीड़भाड़ वाले इलाके और मेला स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### डीसीपी ने रामलीला मैदान कवि नगर में एसीपी के साथ किया संवाद

**करंट क्राइम :** सोमवार को डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल कवि नगर रामलीला में पहुंचे। यहां रामलीला के पदाधिकारियों से मुलाकात करने के बाद मेला कोतवाली परिसर का निरीक्षण किया। तो वहीं एसीपी कवि नगर सूर्यबली मोर्य, थाना प्रभारी कवि नगर अनुराग शर्मा व मेले में उपस्थित पुलिस बल को शांतिपूर्वक मेला संपन्न कराने के निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही न बरतने का निर्देश दिया है।

## बलराम ठाकुर के फुल एनकाउंटर पर व्यापारियों ने पुलिस कमिश्नर को दिया धन्यवाद

# कमिश्नर बोले, हर नागरिक की सुरक्षा पुलिस का कर्तव्य



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वेस्ट यूपी में आतंक का पर्याय बने कुख्यात अपराधी बलराम ठाकुर का पुलिस मुठभेड़ में अंत हो गया। इस एनकाउंटर की खबर फैलते ही व्यापारी समुदाय में खुशी और राहत की लहर दौड़ गई थी। व्यापार मण्डल के सदस्यों ने मंगलवार को पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड से मुलाकात कर इस साहसिक कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया। व्यापारियों ने कहा कि इस कदम से न केवल अपराधियों के हौसले पस्त होंगे बल्कि व्यापारी वर्ग और आमजन को भी सुरक्षा का मजबूत संदेश मिला है। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट कहा है कि हर एक नागरिक की सुरक्षा पुलिस का कर्तव्य और अधिकार है। अपराधियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कमिश्नरेट गाजियाबाद में कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी और जनता को निडर वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर लोहा कारोबारी व्यापार मंडल के साथी शहर के अन्य व्यापारी मौजूद रहे ,जिसमें प्रमुख रूप से अतुल जैन, अभिषेक ,ब्रह्मपाल यादव, संदीप यादव अन्य प्रमुख व्यापारियों ने पुलिस कमिश्नर को धन्यवाद दिया।

# राजेन्द्र नगर सेक्टर-3 में अवैध निर्माण पर जीडीए की कार्रवाई, दो भवन ध्वस्त






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध निमार्णो के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई की है। उपाध्यक्ष महोदय के निदेर्शो के तहत प्रवर्तन जोन-07 टीम ने मंगलवार को राजेन्द्र नगर सेक्टर-03, साहिबाबाद में स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर बनाए गए दो अवैध निमार्णो को ध्वस्त कर दिया।

**किन भवनों पर गिरी जीडीए की गाज :** कार्रवाई में सबसे पहले मैसर्स ऋषभ डवलपर्स द्वारा पार्टनर श्रीमती वर्षा जैन के स्वामित्व वाले भूखण्ड संख्या-9/104 पर किए गए अनधिकृत निर्माण को गिराया गया। इसके बाद आरपीजे प्रोटेक एलएलपी द्वारा भूखण्ड संख्या-8/194 पर किए गए अवैध निर्माण को भी ध्वस्त कर दिया गया।

नोटिस और सुनवाई के बाद हुई कार्रवाई इन दोनों मामलों में जीडीए ने पूर्व में ही कारण बताओ नोटिस, कार्य रोको आदेश तथा पर्याप्त सुनवाई का अवसर प्रदान किया था। बावजूद इसके निर्माणकताओं ने कोई संतोषजनक जवाब या वैध साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए। नतीजतन, जीडीए टीम ने मौके पर पहुंचकर फ्रंट सेटबैक में बने अवैध हिस्से, पार्टिशन वॉल आदि को तोड़ते हुए भवनों को निष्प्रयोगी कर दिया।

**पुलिस बल की मौजूदगी में चला बुलडोजर :** ध्वस्तीकरण कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन जोन-07 का पूरा स्टाफ और प्राधिकरण पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।




**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें पता है त्यागी जी को कष्ट पहुंचा है जनप्रतिनिधि के शब्दों को सुनने के बाद? मगर हमें ये भी पता चला है कि जनप्रतिनिधि को गुस्सा इसलिए आया? बार-बार दोहरा रहे थे एक ही बात? कहने वाले ने कहा नाराज त्यागी जी ने फिर जनप्रतिनिधि की बिरादरी को लेकर किया फेसबुक पर कटाक्ष? मगर हमने देखा कि कटाक्ष करने के कुछ देर बाद ही हटा दी अपनी पोस्ट? पता चला है पोस्ट का स्क्रीनशॉट है भारद्वाज जी के पास? देखना अब ये है कि क्या होगा अब आगे का विरोध वाला प्रोग्राम? मगर ये सच है जिस बिरादरी को त्यागी जी ने टारगेट किया है, उसके तीन चेहरे अपने फ्लकचुएट वाले व्यवहार से कर देते हैं अक्सर कईयों को हैरान?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने देखा बड़ा गजब का था सीन? सांसद जी के पास पहुंची थी रामलीला का विवाद लेकर संजय नगर वाली टीम? सुना है इसके बाद उन्होंने की थी विधायक जी से बात? कुछ ज्यादा ही बिगडे.हुए नजर आ रहे थे हालात? पता चला है विधायक जी ने दिया था मैं संभाल लूंगा ये वाला मामला, कुछ ऐसा संदेश? सुना है ये बात अब दूसरे विधायक तक पहुंच गई है? पता चला है इस बात से नाराज है उनका फेस?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप हमारे दर्द-ए-दिल की बात को पहुंचा देना भगवा योद्धा के पास? जब होते हैं पार्टी के आयाम, तब संगठन के कई प्रमुख पदाधिकारी नहीं डालते हैं घास? मगर जब लगता है पीएम से लेकर सीएम का कार्यक्रम? तब बंट जाते हैं ऐसे चेहरों को पास? बस ये सब देखकर हो जाता है हमारा मन उदास? मौका ऐसे चेहरों को मिलना चाहिए जो कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं योद्धा के साथ? जो साथ नहीं दे रहे उनको क्यों मिल रहे हैं इस बात के पास?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा टीम के बड़े पदाधिकारी ने जब देखी मैराथॉन वाले मामले में मोर्चा वाले प्रमुख पदाधिकारी की कम वाली स्पीड? तब उन्होंने उन पर शक करके कहा? आप बिल्कुल भी नहीं कर रहे हो ठीक? लगता है आपने मिला लिये हैं दूसरे खेमे से हाथ? ये समझ से परे जा रही है हमारे बात? पता नहीं इस बात को लेकर क्या रिएक्शन दिया होगा, इन हद से ज्यादा वाले युवा नेता ने? मगर इतना पता चला है ऐसी बात सुनकर उनका मन है खराब?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** वैसे हम आपको चाहते हैं एक बात बताना? अब शायद मोर्चा वालों के कार्यक्रम में गाजियाबाद मुश्किल से ही आयेंगे मिस्टर अवाना? सुना है देने वालों ने दिया था उन्हें कार्यक्रम में ठीक-ठाक प्रसाद? जिसके बाद हो गया था अच्छा-खासा विवाद? ये तो शुक्र है कि बीच में आ गये हैवी वाले चेहरे? नहीं तो ना जाने कितनी बिगड़ जाती बात? सुना है इस बात के पीछे छुपा है गाड़ी से उतरने और चढ़ने का विवाद?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैम्बर त्यागी जी को मिला है पखवाडा वाले कार्यक्रम को लेकर पार्क बनाने का काम? सुना है उनसे ज्यादा इस काम को लेकर दूसरे त्यागी जी बहुत सेंसेटिव हो रहे हैं? वो करने नहीं दे रहे हैं मैम्बर त्यागी को आराम? मगर यहां पर आ रहा है एक व्यावधान? जहां से खुलनी है पार्क के ताले की चाबी? उस पर एक मैडम नहीं दे रहीं हैं ध्यान? बस इसी बात ने किया हुआ है बार-बार मीठी सी मुस्कुराहट लाने वाले मैम्बर त्यागी को हैरान?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप क्या इस बात को जानते हैं? हमें पता चला है महंत जी भी इस बात को मानते हैं? वो दे चुके हैं किसी बहुत ही बड़े चेहरे को जानकारी? यहां के जनप्रतिनिधियों में विवाद रहता है बहुत ही भारी? कोई भी नहीं कर रहा है इस वक्त एक दूसरे को बर्दाश्त? हालात पहली वाली योजना से भी ज्यादा बिगड़ चुके हैं? ऐसा हम आपको पुख्ता रूप से बता रहे हैं साहब?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** इन्दिराजी वाले एरिया के मैम्बरों को आज मिल सकती है हिमांशु भैया से फ्रंट सीट पर बैठने को लेकर चुनौती? पता चला है वो दूर करना चाहते हैं यहां पर पुरानी वाली पनौती? पता चला है उन्होंने दिया है कहीं पर ये संदेश? हमेशा फ्रंट सीट पर ही क्यों नजर आता है इन्दिराजी वाले मैम्बरों का फेस? आज पहुंचागा मैं सबसे पहले बैठक में? रूमाल रखकर घेरूंगा अपना स्पेस? आज फ्रंट सीट पर सुनाई देगा मेरा ही संदेश?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** घटना लग रही थी पहले थोड़ी सी आम? अक्सर राय साहब के मौहल्ले में लगा रहता है जाम? उस जाम में फंस गई उनकी भी कार? मगर मौके पर हमने किये कुछ और ही दीदार? हमने देखा कुछ लोग उनकी गाड़ी की चाबी निकाल कर ले गये बाहर? स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ हमें अच्छा नहीं लगा ये वाला व्यवहार? अब ये पता नहीं कि ये दिन इतवार था या सोमवार?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** भूपेन्द्र भैया को लगता है अच्छी नहीं लगती शहर वालों की छैईया? हमने उनके होर्डिंग पर देखा है ऐसा ही रवैया? उन्होंने शहर वालों को छोड़कर अपने होर्डिंग पर दिया है पार्टी के प्रमुख चेहरों को स्थान? लगता है कोई पुराना घाव है जिसे वो इस तरह से हरा कर रहे हैं श्रीमान?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# आजम खान की रिहाई पर गाजियाबाद सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान की रिहाई पर मंगलवार को गाजियाबाद में जश्न का माहौल देखने को मिला। आरडीसी स्थित सपा कार्यालय पर कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और अदालत के फैसले का स्वागत किया। कार्यकताओं का कहना था कि आजम खान की रिहाई न केवल उनके और उनके परिवार के लिए राहत की बात है, बल्कि पूरे समाजवादी परिवार और उन सबके लिए भी खुशी का विषय है जो इंसाफ में विश्वास करते हैं।

उन्होंने कहा कि अदालत का यह फैसला न्याय में भरोसे को और मजबूत करता है और यह संदेश देता है कि झूठ और साज़िश की एक न एक दिन मियाद खत्म होती ही है। सपा कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा को हमेशा सामाजिक सौहार्द और भाईचारे के प्रतीक नेता स्वीकार्य नहीं होते, लेकिन अब आजम खान एक बार फिर पीड़ितों, उपेक्षितों और वंचितों की आवाज बनकर खड़े होंगे और भाजपा सरकार के दमन के खिलाफ संघर्ष को आगे बढ़ाएंगे।

इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिनमें फैसल हुसैन (जिला अध्यक्ष), अभिषेक गर्ग (प्रदेश सचिव), वीरेंद्र यादव ( महानगर अध्यक्ष ), रमेश यादव, मधु चौधरी, विशाल वर्मा (ज़िला उपाध्यक्ष), गुलाब यादव, मनोज पंडित, इरफान अमानत चौधरी, मोहम्मद अब्बास हैदर, ताहिर हुसैन, असलम कुरैशी, शाहनवाज खान, कमलेश यादव, इकबाल कुरैशी, साकिर हुसैन, राजवीर सिंह गौतम, किरण चौधरी, विनोद यादव, साजिद सैफी, खालिद बुखारी, रिजवान चौधरी, जुनैद खान, राहुल तिवारी, मोहित चौहान, अमित यादव, मनीष यादव, जितेंद्र यादव, रोहित चौधरी, जुबेर कुरेशी, मोहसिन खान, शहनाज खान, आसिफ खान, राजा वर्मा, राहुल रावत और अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।